

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के किया क्वालिफाई.. | सम्पादकीय | खेलने-कूदने की उम्र में जुर्म | मुकेश अंबानी टॉप 10 से बाहर, रोशनी नाडर ने... 5

वर्ष 17 अंक 57 | E-mail: dholpur@hotmail.com | धौलपुर, शनिवार 29 मार्च 2025 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## म्यांमार, थाईलैण्ड सहित पांच देशों में आया जबर्दस्त भूकंप

### थाईलैंड के बैंकॉक में इमारत गिरने से 80 लोग लापता, 3 की मौत

### म्यांमार मे 20 से अधिक की मौत

### 7.7 तीव्रता का भूकंप आया



आर.एन.एस

नैपिदो/बैंकॉक। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में 23 लोगों की जान गई है।

म्यांमार में 20 लोगों की मौत हुई, जबकि यहां 300 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 80 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंगतार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34 प्रतिशत यानी सबसे ज्यादा है। म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। पीटीआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया।

## सरकार ने बढ़ाया केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता

### 7 साल में सबसे कम, 2 प्रतिशत




आर.एन.एस

नई दिल्ली। सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार (28 मार्च) को हुई कैबिनेट मीटिंग में डीएबढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने 3% बढ़ोतरी की थी।

8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 53% से बढ़कर 55% हो जाएगा। इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 66 लाख पेंशनर्स को होगा। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। डीए की घोषणा में देरी हुई इसलिए अप्रैल के वेतन में पिछले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) के एरियर के साथ बढ़ा हुआ डीए भी शामिल होगा।

आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3% से 4% के बीच होती है, लेकिन इस बार बढ़ोतरी सिर्फ 2% है। ये पिछले सात सालों में सबसे कम है। वहीं सरकार आम तौर पर होली और दिवाली जैसे बड़े त्योहारों से पहले बढ़ोतरी की घोषणा करती है। इस बार घोषणा होली के बाद की गई।

## कैश मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादला

### न्यायिक काम न सौंपने के निर्देश, सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर की याचिका खारिज की



आर.एन.एस

नई दिल्ली। कैश मामले में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद आदेश जारी किया गया है। हालांकि इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को निर्देश दिया गया है कि जस्टिस वर्मा को कोई न्यायिक काम न सौंपा जाए।

इससे पहले जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने का वहां की बार काउंसिल ने विरोध किया था। वकीलों ने हड़ताल भी शुरू की थी। हाईकोर्ट के 6 बार काउंसिल ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और कॉलेजियम के सदस्यों से मिलकर ट्रांसफर पर पुनर्विचार करने की मांग की थी।

इधर, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा पर स्त्रढ़क दर्ज करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा मामले में सुप्रीम कोर्ट की इंटरनल कमेटी जांच कर रही है। रिपोर्ट में कुछ गड़बड़ मिला तो स्त्रढ़क होगी या मामला संसद को भेजा जाएगा।

जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंची फायर सर्विस टीम को उनके स्टोर रूम में बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। तब से ही यह पूरा मामला सुर्खियों में बना हुआ है।



## 2025 होगा सबसे गर्म साल!

### लगातार 10 से12 दिन तक चलेगी लू

आर.एन.एस

नई दिल्ली। देश में इस बार उम्मीद से कहीं ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल देश के नॉर्थ-वेस्ट राज्यों यानी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली में हीटवेव (लू) के दिनों की संख्या दोगुनी होने की आशंका है। आमतौर पर अप्रैल से जून के महीनों में लगातार 5-6 दिन लू चलती है, लेकिन इस बार 10 से 12 दिनों के ऐसे कई दौर आ सकते हैं।

हालांकि, मौसम विभाग ने यह जानकारी नहीं दी कि इस साल हीटवेव का असर कितने दिन रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर हीटवेव के दिनों की संख्या दोगुनी होती है तो 2025 अब तक का सबसे गर्म साल होगा। ऐसे में पारा सामान्य से 5 डिग्री या इससे भी ज्यादा रह सकता है। भारत के लिए साल 2024 सबसे ज्यादा गर्म सालों में से एक रहा था। बीते साल देश में 554 दिन हीटवेव का असर रहा था। बता दें कि साल में 365 दिन होते हैं, लेकिन हीटवेव के लिए इन्हें गिनने का अलग तरीका है।

## अमेरिका के साथ पुराने रिश्ते खत्म, ट्रम्प को टैरिफ का जवाब देंगे - मार्क कार्नी

### कनाडाई पीएम ने कहा- उनसे तभी बात होगी जब वे हमारा सम्मान करेंगे



आर.एन.एस

हैमिल्टन। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका-कनाडा के पुराने रिश्ते अब खत्म हो चुके हैं। ट्रम्प के विदेशी कारों पर 25% टैरिफ लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद कनाडाई क्कने यह बात कही।

राजधानी ओटावा में कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कार्नी ने कहा कि कनाडा का अमेरिका के साथ वो पुराना रिश्ता जो बुनियादी तौर पर अर्थव्यवस्था को एकजुट रखने, सुरक्षा और सैन्य सहयोग को आगे बढ़ाने पर बना हुआ था, अब नहीं रहा। कार्नी ने ये भी कहा कि वे ट्रम्प से अगले 1-2 दिनों में बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा- मैं उनसे बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन वे अमेरिका के साथ तब तक किसी व्यापार वार्ता में हिस्सा नहीं लेंगे जब तक ट्रम्प, कनाडा के लिए सम्मान नहीं दिखाते। वे बार-बार कनाडा पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। यह कनाडा की संप्रभुता का अपमान है।

अगर दोनों नेताओं के बीच बातचीत होती है तो यह कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहला मौका होगा जब अमेरिकी राष्ट्रपति से उनकी बातचीत होगी। आमतौर पर, कोई भी नया कनाडाई पीएम पद संभालने के के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति से फोन पर बात करता है, लेकिन 13 दिन बीत जाने के बाद भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत नहीं हुई है।




## रेस्टोरेंट फूड-बिल में सर्विस चार्ज नहीं लगा सकते - दिल्ली हाईकोर्ट

### रेस्टोरेंट एसोसिएशन पर 1 लाख जुर्माना लगाया

आर.एन.एस

नई दिल्ली। रेस्टोरेंट अब फूड बिल में अनिवार्य सर्विस चार्ज नहीं लगा सकते हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार (28 मार्च) को सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी की 2022 में जारी गाइडलाइन यानी दिशा-निर्देशों को बरकरार रखा है।

इस गाइडलाइन में कहा गया है कि होटल और रेस्टोरेंट फूड बिल में ऑटोमेटिक या डिफॉल्ट सर्विस चार्ज नहीं जोड़ सकते हैं। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने दिशानिर्देश को चुनौती देने वाले रेस्टोरेंट एसोसिएशन पर 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

गाइडलाइन्स पर 20 जुलाई 2022 को हाईकोर्ट ने रोक लगाई थी

यह आदेश नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया और फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया की याचिकाओं पर पारित किया गया था। इन दिशा-निर्देशों पर 20 जुलाई 2022 को हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। सीसीपीए ने अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस और कंज्यूमर राइट्स के वायलेशन यानी उल्लंघन को रोकने के उद्देश्य से दिशानिर्देश जारी किए थे।

## नेपाल में राजा को सत्ता सौंपने के लिए हिंसक प्रदर्शन, एक की मौत

### काठमांडू में कर्फ्यू



आर.एन.एस

काठमांडू। नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस घटना में एक युवक की मौत भी हो गई।

प्रशासन ने काठमांडू में कर्फ्यू लागू कर दिया है। इस आंदोलन में 40 से ज्यादा नेपाली संगठन शामिल हुए। प्रदर्शनकारी राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद और हमें राजशाही वापस चाहिए, जैसे नारे लगा रहे थे। उन्होंने सरकार को एक हफ्ते का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि अगर उनकी मांगों पर एक्शन नहीं लिया गया तो और ज्यादा उग्र विरोध प्रदर्शन होगा।

नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने 19 फरवरी को प्रजातंत्र दिवस के अवसर पर लोगों से समर्थन मांगा था। इसके बाद से ही देश में 'राजा लाओ, देश बचाओ' आंदोलन को लेकर तैयारियां चल रही थीं। नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर 1 जून, 2001 को हुए नारायणहिति हत्याकांड में अपने परिवार के सदस्यों की हत्या का आरोप लगा है। इस घटना में राजा वीरेंद्र, रानी ऐश्वर्या सहित शाही परिवार के 9 लोगों की मौत हुई थी। आधिकारिक तौर पर युवराज दीपेंद्र को इस हत्याकांड के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि ज्ञानेंद्र ने सत्ता हासिल करने के लिए यह षड्यंत्र रचा, क्योंकि उस रात वे महल में मौजूद नहीं थे और उनके परिवार को कोई नुकसान नहीं हुआ। इस रहस्यमयी हत्याकांड के पीछे सच्चाई आज भी विवादास्पद बनी हुई है।

## राणा सांगा के खिलाफ टिप्पणी पर भाजपा सदस्यों का राज्यसभा में हंगामा




आर.एन.एस

नई दिल्ली। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों और मंत्रियों ने राजपूत राजा राणा सांगा के खिलाफ समाजवादी पार्टी के रामजी लाल सुमन की विवादित टिप्पणी की शुक्रवार को निंदा की और बिना शर्त माफी की मांग को लेकर राज्यसभा में हंगामा किया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े हो गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तकरीबन आधे घंटे के लिए बाधित हुई।

सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राणा सांगा राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं और उनके बारे में की गई अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने राजपूत राजा को एक राष्ट्रीय नायक बताया जिन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और उनके खिलाफ की गई सपा सदस्य की टिप्पणी को 'अत्यधिक अपमानजनक और आपत्तिजनक' करार दिया। उन्होंने कहा कि सदस्यों को संवेदनशील मुद्दों पर बोलते समय सावधानी बरतनी चाहिए और गरिमा बनाए रखनी चाहिए। सभापति ने यह भी कहा कि सुमन ने जो टिप्पणी की है, उसे सदन की कार्यवाही से निकाल दिया गया है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि सभापति ने राणा सांगा के बारे में देश की भावना को प्रतिबिंबित किया है।

## कुणाल कामरा को 7 अप्रैल तक अग्रिम जमानत



आर.एन.एस

मुम्बई। स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को मद्रास हाईकोर्ट से 7 अप्रैल तक अग्रिम जमानत मिल गई है। कुणाल ने याचिका में कहा था कि वह तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के रहने वाले हैं। अगर मुंबई वापस आएंगे तो मुंबई पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। शिवसेना के कार्यकर्ताओं से उनकी जान को खतरा है।

इससे पहले, पुलिस ने कामरा को दो समन जारी किए हैं। उन्हें 31 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। वहीं, महाराष्ट्र विधान परिषद ने भी गुरवार को उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पारित किया।

दरअसल, कुणाल ने एक शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया। इसके खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है।

गुरुवार को वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैरोडी बनाने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा। कुणाल ने इ पर यह जानकारी दी। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसते हुए कहते हैं मुझको हवा हवाई... गाने पर पैरोडी सॉन्ग गाया था।

## भारत से जलियांवाला पर माफी मांगे ब्रिटिश सरकार - यूके सांसद

### बॉब ब्लैकमैन ने संसद में कहा- यह हमारे साम्राज्य पर धब्बा




आर.एन.एस

लंदन। ब्रिटेन में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ब्रिटेन सरकार से 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए भारत के लोगों से औपचारिक तौर पर माफी मांगने को कहा है। उन्होंने गुरुवार को संसद में कहा कि ब्रिटिश सरकार को 13 अप्रैल से पहले माफी मांगनी चाहिए। अगले महीने जलियांवाला बाग हत्याकांड की 106वीं बरसी मनाई जाएगी। ब्रिटिश सांसद ब्लैकमैन ने अपने भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। सांसद ब्लैकमैन ने कहा- जालियांवाला हत्याकांड ब्रिटिश साम्राज्य पर एक धब्बा है। इसमें 1500 लोग मारे गए थे और 1200 घायल हुए थे। आखिरकार, ब्रिटिश साम्राज्य पर इस दाग के लिए जनरल डायर को बदनाम किया गया। ब्रिटिश सांसद ने आगे कहा- तो क्या हम सरकार से बस एक बयान हासिल कर सकते हैं जिसमें यह माना गया हो कि क्या गलत हुआ था और क्या औपचारिक तौर पर भारत के लोगों से माफी मांगी गई थी?

## गुजरात हाईकोर्ट ने आसाराम को दी 3 महीने की जमानत

अहमदाबाद। दुष्कर्म के दोषी आसाराम को गुजरात हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मेडिकल रिपोर्ट्स के आधार पर गुजरात हाई कोर्ट ने तीन महीने की जमानत दे दी है। आसाराम ने 6 महीनों की जमानत के लिए याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस इलेश वोरा की राय का जस्टिस एएस सुपेहिया ने समर्थन किया और आसाराम को तीन महीने की जमानत मंजूर हो गई। आसाराम बापू को 2013 के बलात्कार मामले में 2023 में सत्र अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया था और वह आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। उन्होंने छह महीने की अस्थायी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उनके वकील ने तर्क दिया कि डॉक्टरों की राय के अनुसार उन्हें 90 दिनों के पंचकर्म चिकित्सा सत्र की आवश्यकता है।

## नाथ संप्रदाय का साधु बनकर रह रहा था कुख्यात गैंगस्टर बंटी पांडे

### सीआईडी ने किया गिरफ्तार



आर.एन.एस

सूरत। अंडरवर्ल्ड का कुख्यात गैंगस्टर बंटी पांडे, जो पिछले पांच वर्षों से नाथ संप्रदाय के साधु के रूप में जीवन बिता रहा था, अब पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। साधु का वेशधारण कर अपराध की दुनिया से बचने की कोशिश कर रहा यह गैंगस्टर वापी के उद्योगपति के बेटे के अपहरण और हत्या के सनसनीखेज मामले में शामिल था। कभी वह छोटा राजन के लिए काम करता था। अब सीआईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसे तिहाड़ जेल से ट्रांजिट वारंट पर लाकर हिरासत में लिया गया है। अपराध की दुनिया से बचने के लिए बंटी पांडे ने पांच साल पहले नाथ संप्रदाय की दीक्षा ली थी। वह केवल फल और दूध का सेवन करता था, भस्म लगाता था और भगवा वस्त्र पहनकर एक साधु के रूप में पहचान बना चुका था। नाथ संप्रदाय के कई संत उसे एक आध्यात्मिक महंत मानने लगे थे। लेकिन, इस धार्मिक छवि के पीछे एक भयावह अपराधी छिपा था, जो हत्या, फिरौती और अपहरण जैसे संगीन अपराधों में लिप्त था।

2004 में सूरत के महिधरपुरा इलाके में हीरा व्यापारी राजेश भट्ट का अपहरण और हत्या भी बंटी पांडे की गैंग ने ही की थी। अपहरण के बाद अमेरिका में रह रही पत्नी और मुंबई में रह रहे भाई को फोन कर दो करोड़ की फिरौती मांगी गई थी। पैसे नहीं मिलने पर चकलासी गांव में उसकी हत्या कर लाश को नहर में फेंक दिया गया था। अब सीआईडी और सूरत क्राइम ब्रांच बंटी पांडे को इस केस में भी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

# गौसंवर्धन के प्रति समर्पित पहलः जेडी माहेश्वरी ने राजस्थान के राज्यपाल को भेंट की गौमाता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राष्ट्रीय गौ आधारित प्राकृतिक किसान सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब जेडी माहेश्वरी ने राजस्थान के माननीय राज्यपाल को गौमाता भेंट कर अभिनंदन किया। यह आयोजन श्री पिंजरापोल गौशाला, सांगानेर, जयपुर में हुआ, जिसमें पवन अरोड़ा सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम आयोजक अतुल गुप्ता ने बताया कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य गौ आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना, जैविक खेती के महत्व को उजागर करना और किसानों को रासायनिक मुक्त खेती के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में गौशालाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और गौ उत्पादों को एक सशक्त उद्योग के रूप में स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। गौमाता भेंट करने के दौरान, जेडी माहेश्वरी ने कहा, गौमाता केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि यह हमारे पर्यावरण, कृषि और स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ी हुई हैं। जैविक कृषि को सफल बनाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गौ आधारित कृषि का प्रसार आवश्यक है। यह भेंट, राज्यपाल महोदय के प्रति सम्मान का प्रतीक है, जो गौसंवर्धन और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने गौसेवा और जैविक कृषि के इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा, गौ आधारित प्राकृतिक कृषि, भारत के किसानों के लिए एक नई दिशा खोल सकती है। हमें गौशालाओं को केवल गोवंश संरक्षण केंद्र तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इन्हें कृषि और जैविक उत्पादों के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम बनाना चाहिए। पवन अरोड़ा सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी गौ आधारित स्टार्टअप्स, जैविक खाद, गोमूत्र आधारित कीटनाशकों, पंचगव्य चिकित्सा और प्राकृतिक खेती के नवाचारों पर अपने विचार रखे।

# 72 समवशरण विधान का हुआ भव्य आगाज

## आचार्य वसुनन्दी महाराज ससंघ (30 पिच्छीका) का मिला सानिध्य , पदमपुरा में आज होगी मुनि दीक्षा एवं क्षुल्लक दीक्षा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस





**चाकसू।** दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा में धर्म जागृति संस्थान प्रान्त राजस्थान एवं पदमपुरा मन्दिर कमेटी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय ऐतिहासिक 72 समवशरण विधान का शुक्रवार को जयकारों के बीच ध्वजारोहण से भव्य आगाज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य वसुनन्दी महाराज ससंघ ( 30 पिच्छीका ) एवं आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में बैण्ड बाजों के साथ विशाल घटयात्रा से की गई। घट यात्रा में 292 जिनबिम्बों को सिर पर लेकर श्रद्धालु मंदिर से मुख्य पाण्डाल पहुचे । इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए । धर्म जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पदम बिलाला ने बताया कि घट यात्रा के झांझरी सभागार पहुचने पर समाजश्रेष्ठी शांति कुमार ममता सोगानी जापान वाले द्वारा जयकारों के बीच झण्डारोहण से भव्य आगाज किया गया । समाजश्रेष्ठी अशोक - शकुंतला, अंकित चांदवाड ने फीता खोलकर मण्डप का उदघाटन किया। शांति कुमार ममता सोगानी परिवार द्वारा मंगल कलश की स्थापना की गई। अभिषेक के बाद अशोक चांदवाड परिवार ने प्रथम शांतिधारा का पुण्यार्जन किया।

आचार्य वसुनन्दी मुनिराज के पाध पक्षालन अशोक चांदवाड परिवार ने किये तो वही जिनवाणी भेट करने का पुण्यार्जन ईजी. भूपेन्द्र जैन दिल्ली ने प्राप्त किया। सकलीकरण के बाद सौधर्म इन्द्र राजीव - सीमा जैन गाजियाबाद के नेतृत्व में नित्य नियम पूजा अर्चना की गई । पूजा के दौरान चक्रवर्ती रश्मि कांत सोनी परिवार सहित सभी इन्द्र इन्द्रणियो ने भक्ति नृत्य किया। समाजश्रेष्ठी कैलाश चन्द माणक रमेश ठोलिया परिवार ने पूजा सामग्री का पुण्यार्जन किया। इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में संतों ने मंगल प्रवचन में दान करने की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म की जड़ सदा हरी होती है। श्रावक को श्रद्धापूर्वक धर्म के क्षेत्र में दान देना चाहिए। प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सायंकाल हाथों में दीपक की थाली लेकर इन्द्र - इन्द्रणियो ने भगवान की महाआरती की। तत्पश्चात गुरु भक्ति का आयोजन किया गया। रात्रि में कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर पदम चन्द बिलाला, अनिल जैन, संजय बडजात्या, पंकज लुहाडिया, सुनील पहाड़िया, ओम प्रकाश काला मामाजी सहित बडी संख्या में गणमान्य श्रेष्ठीजन उपस्थित थे। संस्थान के संरक्षक राजीव गाजियाबाद, प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि आचार्य वसुनन्दी मुनिराज ससंघ ( 30 पिच्छीका) के सानिध्य में 30 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय आयोजन के मध्य शनिवार को प्रातः अभिषेक, शांतिधारा के बाद समवशरण पूजा विधान का संगीतमय आयोजन होगा। धर्म सभा में आचार्य वसुनन्दी मुनिराज के मंगल प्रवचन होगें। सायंकाल महाआरती के बाद गुरु भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें। प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर एक मुनि दीक्षा होगी। पाँच मुनियो का दीक्षा दिवस मनाया जाएगा। दिगम्बर जैन आचार्य वसुनंदी मुनिराज द्वारा रचित महाकाव्य अशोक रोहिणी चरित्र प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा भी की जाएगी ।

# सुषमा को पीएचडी की उपाधि

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** सुषमा शर्मा को आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से 'क्रिटिकल एनालिसिस ऑफ संजय लीला भंसालीज़ डायरेक्टरल विजन' विषय पर शोध के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. रुचि गोस्वामी के सुपरविज़न में पूरा किया। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने दादाजी सेवानिवृत्त तहसीलदार पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा, माता-पिता और पति को दिया है।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के धातुकर्म और सामग्री इंजीनियरिंग विभाग ने दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. कोमल कपूर, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स, और विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर अनुप गांगुली, महासचिव, आइआइएम की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।कार्यक्रम में प्रो. एन. पी. पाधी, अध्यक्ष (कार्यवाहक) और निदेशक, एमएनआईटी जयपुर, और प्रो. भुवनेश गुप्ता, अध्यक्ष, एशियन पॉलिमर एसोसिएशन, ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आयोजन सचिव डॉ. स्वाति शर्मा ने सम्मेलन के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों का स्वागत किया। सम्मेलन के अध्यक्ष और एमएमई

MME विभागाध्यक्ष प्रो. आर. के. गोयल ने सम्मेलन के विषय और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान, मुख्य अतिथि ने विशेष रूप से अंतरिक्ष अनुसंधान और परमाणु ईंधन के लिए उन्नत स्थायी सामग्रियों के विकास के महत्व पर जोर दिया। इस आयोजन की एक विशेष उपलब्धि एमएनआईटी जयपुर और न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर थी।

# रॉयल वॉग फैशन वीक में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने बिखेरी फैशन की रंगत



## करण प्रोडक्शन हाउस की अगुवाई में युवा बैडमिंटन लीग की हुई जर्सी लॉन्च

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** करन प्रोडक्शन हाउस की ओर से आयोजित किए गए रॉयल वॉग फैशन वीक में मॉडल के साथ ही बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने फैशन की रंगत बिखेरी। अजमेर रोड स्थित एक रिसोर्ट में संपन्न हुए रॉयल वॉग फैशन वीक में नामी मॉडल्स ने रैंप पर कैटवॉक कर फैशन डिजाइनर शुभ मल्होत्रा, अभिषेक विशिष्ट, सिद्धि गुप्ता, दिव्यांशी गर्ग आदि फैशन डिजाइनर्स का लेटेस्ट कलेक्शन शोकेस किया। करण प्रोडक्शन हाउस के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकेश माथुर ने बताया कि रॉयल वॉग फैशन वीक में बॉलीवुड एक्ट्रेस आस्था चौधरी, दीपिका नागपाल, रिया सेन, फलक नाज, गीतांजली मिश्रा, उपासना सिंह, गुरप्रीत चडढा, उर्वशी ठोलकिया आदि सेलिब्रिटीज की मौजूदगी ने माहौल में चार चांद लगाए। इस अवसर पर युवा बैडमिंटन लीग की जर्सी भी लॉन्च की गई, जिसका थीम सॉन्ग मशहूर लिरिसिस्ट सीटू जयपुरी ने लिखा। फैशन शो के कोरियोग्राफर राज शर्मा रहे।

# तीन दिवसीय मुद्रा उत्सव प्रदर्शनी का शुभारंभ

## देश विदेश के 2700 साल पुराने सिक्को को देख आश्चर्य चकित रह गए लोग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटा।** कोटा फिलाटेली एवं न्यूमिजमाटिक सोसाइटी, रोटरी क्लब कोटा उत्तर के सहयोग से तीन दिवसीय कोटा मुद्रा उत्सव का शुभारंभ आज रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ 4, बसंत विहार पर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रज्ञा मेहता, डिस्ट्रिक गवर्नर 3056 वर्ष 2025-26, विशिष्ट अतिथि राहुल यादव, सीनियर सुपरिटेंड पोस्टल डिपाटमेंट कोटा डिविजन फोस्टल, अरुण मेहता डायरेक्टर शुभम ग्रुप रहे। जिसमें देश विदेश के दुर्लभ सिक्से, नोट व अन्य सामग्री लगाई गई है। चेयरमैन लकेश डंडोना ने बताया कि यह प्रदर्शनी का आयोजन 30 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में देशभर से कोइन के संग्रहकर्ता का जमावडा कोटा में लग गया है। इस प्रदर्शनी में प्रवेश निशुल्क रखा गया है जहां युवा पीढि भरपूर आनंद ले रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सोसायटी के सोसायटी अध्यक्ष नारायण चांडक, सोसायटी सचिव राम अवतार सारडा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र के.आर. कात्याल, अध्यक्ष रोटरी क्लब कोटा नोर्थ, सुरेन्द्र अग्रवाल, सचिव रोटरी क्लब कोटा नोर्थ गौरव सूद का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। डंडोना ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 36 विभिन्न तरह की स्टॉल्स लगाई गई जिनमें यूपी, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान सहित कई प्रदशों से संग्रहकर्ता आए हुए हैं। लकेश डंडोना ने बताया कि इस प्रदर्शनी में भारत का ऐसा इतिहास और उससे जुड़ी वस्तुएं हैं जो अपने आप में पूरे भारत की संस्कृति और कला को संजोए हुए हैं। देश विदेशों की विभिन्न रियासतों और भारत के विभिन्न कालखंड में प्रचलित मुद्राओं को देखने का अवसर यहां मिल रहा है, कोई इनके साथ सेल्फी ले रहा है तो कोई अपने बच्चों के साथ यहां पहुंचा और उन्हें भारत के इतिहास व उससे जुड़ी वस्तुओं से अवगत करा रहा है। इस प्रदर्शनी में भारत व देश विदेश का आश्चर्य चकित कर देने वाला इतिहास है। मुद्रा उत्सव में विभिन्न रियासतों के 800 प्रकार के सिक्के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां सबसे छोटा अखबार, पंचमार्क से लेकर आज तक के सिक्के यहां देखने को मिल रहे हैं साथ ही मनदीप सिहं सिखों की मिसलों के सिक्के, तरूण सिंगला के मुगल सिक्के, कश्मीर के सिक्के, ब्रिटिश कोइन होंगे। प्रदर्शनी के दौरान राजस्थान की रियासत के अमूल्य सिक्के और नोट का प्रदर्शन होगा, जिसमें कोटा बूंदी, झालावाड़, जयपुर, जोधपुर, प्रतापगढ़, जैसलमेर, करोली, मेवाड, बीकानेर, केकडी, जयपुर, भरतपुर, सहित कई जगह के राज परिवारों द्वारा प्रचलित मुद्रा भी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। राजस्थानी संस्कृति को अपने में संजोए करीब 250 से 300 साल पुराने सिक्के यहां देखने को मिल रहे हैं।

# कौशल विकास कार्यक्रम का एमएनआईटी में आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** उन्नत भारत अभियान (यू.बी.ए.) के तहत कौशल विकास कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में किया गया। 28 मार्च से 1 अप्रेल तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कक्षा 9 व कक्षा 11 के विद्यार्थियों के कौशल विकास पर कार्य किया जायेगा। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. नीरजा सारस्वत ने विभिन्न सत्रों की जानकारी दी व विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे सम्पूर्ण समग्रता व एकाग्रता के साथ कार्यक्रम में शामिल रहें। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डॉ. शिव, डॉ. पूजा व डॉ. रामदयाल ने प्रतिभागियों से पारस्परिक संवाद जोड़ने पर बल दिया। इस पाँच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को कम्प्यूटर शिक्षा, संसाधनों का प्रयोग, साइबर अपराध, सरकारी योजनाओं की जानकारी, संप्रेषण आदि विषयों से अवगत कराया जायेगा। पहले दिन डॉ. श्रीदेव ने कैरियर गाइडेंस पर सत्र संबोधित किया जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न ऑप्शन के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका, डॉ. उत्तम, डॉ. रामेश्वर, डॉ. अभिषेक आदि फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। ज्ञात्वय रहे कि उन्नत भारत अभियान शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण सशक्तिकरण हेतु महती भूमिका निभाता है। एमएनआईटी की यूबीए शाखा समय-समय पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर अपनी सामाजिक विकास की उत्तरदायिता का निर्वहन कर रही है।

# 'रोई रा मारगिया' रेगिस्तानी जीवन और लोक संगीत की एक शाम

## जयपुर विरासत फाउंडेशन और किशन बाग सैंड ड्यून पार्क द्वारा आयोजित, जेडीए को वापस सौंपा जा रहा है किशन बाग का प्रबंधन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस





**जयपुर।** जयपुर विरासत फाउंडेशन ने किशन बाग सैंड ड्यून पार्क के सहयोग से गुरुवार को रोई रा मारगिया एक संगीतमय शाम का आयोजन किया, जिसमें रेगिस्तान के परिप्रेक्ष्य में प्रकृति और लोक परंपराओं को एक साथ लाया गया। यह कार्यक्रम प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और लेखक प्रदीप कृष्ण द्वारा एक ज्ञानवर्धक नेचर वॉक से शुरू हुआ, जिसके बाद मांगणियार कलाकारों द्वारा मनमोहक लोक संगीत प्रस्तुति का आयोजन हुआ। किशन बाग, एक अनोखा इकोलॉजिकल रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट है, जो एक पहाड़ी के तल पर बने रेत के टीलों का समूह है। इस पहल का उद्देश्य प्रामाणिक रोई आवास को पुनः निर्मित करना है, जो जैसलमेर के पास थार रेगिस्तान में पाया जाने वाला एक विशिष्ट झाड़ीदार पारिस्थितिकी तंत्र है। इस पुनर्स्थापना के पीछे दूरदर्शी, प्रदीप कृष्ण ने थार रेगिस्तान पर चर्चा करते समय 'रोई' शब्द को मुख्यधारा में शामिल करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि यह देशी झाड़ीदार जंगल काफी हद तक अनदेखा और कम सराहा गया है। हालांकि, इस शाम के दौरान एक भावुक पल भी आया, जब कृष्ण ने घोषणा की कि यह आखिरी बार होगा जब उनकी टीम, मेहरानगढ़ ट्रस्ट, किशन बाग का प्रबंधन करेगी। पार्क का प्रबंधन आधिकारिक तौर पर जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को वापस सौंपा जा रहा है।

नेचर वॉक के बाद, उपस्थित लोगों ने संदीप र% द्वारा क्यूरेटेड एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली मांगणियार लोक संगीत प्रस्तुति का आनंद लिया। जिसमें मुल्तान खान मांगणियार और सवाई खान मांगणियार द्वारा गायन, रोशन खान मांगणियार ने कमायचा और लतीफ खान मांगणियार ने ढोल पर प्रस्तुति दी। यह शाम राजस्थान की समृद्ध पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि थी, पर्यावरण जागरूकता को रेगिस्तान की दिल को छूने वाली ध्वनियों के साथ प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन में जयपुर के प्रमुख कला और संस्कृति प्रेमियों ने भाग लिया, जिसमें फेथ सिंह, राम प्रताप सिंह डिग्गी, ज्योतिका डिग्गी, रक्षत हूजा, तरुण बंसल सहित अन्य लोग शामिल थे।

# राजस्थान दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, वटिका, जयपुर में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। राजस्थान दिवस का ऐतिहासिक महत्व राजस्थान दिवस हर वर्ष 30 मार्च को मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष सरकारी अवकाश के कारण शुक्रवार को शपथ समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी ने राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, एकता और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। डॉ. अंशु सुराना (वाइस चेयरमैन) का संदेश राजस्थान दिवस हमारी महान सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। यह दिन हमें प्रदेश की उन्नति और विकास में योगदान देने की प्रेरणा देता है।

# राजस्थान को एआई से वेडिंग प्लानिंग में बदलाव होने से वैश्विक स्तर पर मिलेगी नई पहचान - जीन ल्यूक बेन्हैम, सीएमडी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** राजस्थान ऐतिहासिक इमारतों की शाही विरासत के चलते दुनिया भर में वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में प्रसिद्ध है। अब बदलते दौर के साथ इस क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाकर और अधिक प्रभावशाली बनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में बुधवार को जयपुर के आमेर स्थित, ब्यूना विस्टा लक्ज़री गार्डन स्पा रिसॉर्ट में एक्स्प्लोर, एनविज़िन और क्रिएट थीम पर आधारित 'फैमिलियराइजेशन ट्रिप 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पैनल डिस्कशन 'राजस्थान वेडिंग इंडस्ट्री में एआई किस प्रकार सकारात्मक बदलाव ला रहा है' पर वेडिंग और इवेंट इंडस्ट्री के विशेषज्ञ और इस आयोजन के मुख्य अतिथि और ब्यूना विस्टा लक्ज़री रिसॉर्ट के सीएमडी जीन ल्यूक बेन्हैम ने कहा, राजस्थान में वेड्डिंग्स पहले से ही भव्य होती है, लेकिन एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी का समावेश उन्हें और अधिक भव्य और यादगार बना देगा। यह न केवल वेडिंग इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद है बल्कि इससे पर्यटन उद्योग को भी एक नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर पार्थिप त्यागराजन, ने कहा कि, आज एआई तकनीक से वेडिंग प्लानिंग अधिक व्यवस्थित और कुशल हो गई है। स्मार्ट एनालिटिक्स और डेटा-ड्रिवन प्लानिंग के माध्यम से इवेंट मैनेजमेंट पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है और न केवल समय की बचत होती है बल्कि संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा रहा है।

मारिशा पारीक ने बताया कि, एआई की मदद से गेस्ट मैनेजमेंट अब पूरी तरह संचालित हो रहा है। एआई-पावर्ड चैटबॉट्स और स्मार्ट मैनेजमेंट टूल्स से आयोजकों को वास्तविक समय में इवेंट को ट्रैक और मैनेज करने में सहायता मिल रही है।

श्रीकांत कानोई ने कहा कि, होटल और वेडिंग वेन्यू मैनेजमेंट में एआई के इस्तेमाल से मेहमानों को अधिक आरामदायक और शानदार अनुभव दिया जा रहा है। स्मार्ट बुकिंग, वर्चुअल वेन्यू टूर और ऑटोमेटेड वेडिंग प्लानिंग जैसी तकनीकों से इस उद्योग को नया स्वरूप मिल रहा है। योगेश लखानी ने डिजिटल प्रचार के क्षेत्र में एआई के योगदान पर कहा, आज, सोशल मीडिया प्रमोशन और डिजिटल कैंपेन में एआई का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। एआई एल्गोरिदम यह तय कर सकता है कि किस प्रकार का कंटेंट किस ऑडियंस को अधिक आकर्षित करेगा, जैसे आयोजनों को अधिक आकर्षक ब्रांडिंग में मदद मिल रही है। विजय अरोड़ा ने कहा कि, राजस्थान रॉयल वेड्डिंग्स, वेन्यू और मान सम्मान के लिए जाना जाता है, लेकिन एआई टेक्नोलॉजी इसे एक ग्लोबल वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में और भी प्रतिष्ठित बना रही है। एआई-पावर्ड कस्टमाइजेशन टूल्स और वर्चुअल वेडिंग प्लानिंग से दूल्हा-दुल्हन अपने सपनों की वेडिंग को आसानी से प्लान कर रहे है। यह आयोजन राजस्थान की वेडिंग और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। एआई टेक्नोलॉजी आने वाले समय में वेडिंग इंडस्ट्री को एक नया मुकाम देगी। वहीं इस कार्यक्रम ने वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को नई तकनीकों को अपनाने और नवाचार करने की प्रेरणा दी, जिससे राजस्थान को एक ग्लोबल वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में और मज़बूती मिले।

# वार्षिक उत्सव एवं मातृ सम्मेलन का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** आदर्श विद्या मंदिर चाकसू द्वारा संचालित राणा प्रताप सरस्वती संस्कार केंद्र चाकसू में शुक्रवार को मातृ सम्मेलन और वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर रविंद्र नारोलिया रहे । अध्यक्षता नारायण लाल शर्मा ( डूसरी )वालों ने की। अतिथियों का सम्मान विद्यालय के व्यवस्थापक घनश्याम बाहेती और वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण सांवरिया ने किया। मुख्य वक्ता गणेश नारायण मीणा, जिला संस्कार केंद्र प्रमुख रहे । कार्यक्रम का प्रतिवेदन बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने रखा। बालकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गीत /कविता/ नाटक/ योग व्यायाम आदि भी प्रस्तुत किये गये। मुख्य वक्ता ने बताया कि समाज का वो वर्ग जो शिक्षा के उजियारे से वंचित है, ऐसे अभावग्रस्त और पिछड़ी बस्तियों में आदर्श विद्या मंदिर द्वारा निशुल्क संस्कार के केंद्र चलाए जाते हैं। जो बालकों में सद् संस्कार, चरित्र, देश भक्ति ,मातृ -पितृ भक्ति जैसे गुणों का संवर्धन करती है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए कौशल, साहस धैर्य और नवाचारों को बढ़ावा देता है?। मुख्य अतिथि डॉक्टर नारोलिया ने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ बुद्धि का निवास होता है। हमें नवीन तकनीकी ज्ञान और ढ्ढ ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्य का भी ज्ञान होना चाहिए। हमारे सनातन धर्म और संस्कृति की जानकारी युवा पीढ़ी को दी जानी चाहिए। संस्था प्रधान सुमेर सिंह शेखावत ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# प्रवीण बने अध्यक्ष, सिंघल महामंत्री



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** राजस्थान जैन सभा जयपुर की ओर से चाकसू के टोंक रोड स्थित अक्षयनिधि आदिश्वर धाम में एक बैठक कर सभा की चाकसू इकाई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इससे पूर्व चाकसू समाज की ओर से जयपुर से आए सभा के अध्यक्ष सुभाष जैन, उपाध्यक्ष अशोक नेता, विनोद जैन कोटखावदा व चेतन जैन निमोड़िया का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सर्व सहमति से कार्यकारिणी गठन किया गया। जिसमें प्रवीण शाह को अध्यक्ष एवं अशोक सिंघल को महामंत्री चुना गया। इस मौके पर चाकसू समाज के ज्ञानचंद सौगाणी, निहाल बजाज, वीके जैन दौसा, सुरेश बड़जात्या, अजय गंगवाल, अजय बजाज व इन्द्र गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित एनीमिया जांच शिवर में 222 की हुई जांच

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर.....प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं।

**बसेड़ी।** भारत विकास परिषद उत्तर पश्चिम क्षेत्र के राजस्थान पूर्व की शाखा बाड़ी एवं रेलटेल की सीएसआर योजना के तहत एनीमिया मुक्त बसेड़ी अभियान के अंतर्गत एक पम्प व आरडी कांवेंट स्कूल बसेड़ी में जांच शिवर का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद के रीजनल संयुक्त महासचिव डॉ. शिवदयाल मंगल ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत विकास परिषद के माध्यम से एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। कुपोषण के कारण अधिकतर महिलाएं एनीमिया की शिकार हैं, जिसके कारण कई बार गंभीर बीमारियां हो जाती है। महिलाओं, किशोरियों एवं आमजन में रक्त की कमी को दूर करने के लिए यह भारत विकास परिषद का बड़ा प्रयास है। कैलाश चंद गोयल ने बताया कि ऐसे बालक बालिकाओं एवं युवाओं का हीमोग्लोबिन 10 ग्राम से कम था उनको एक माह के लिए आयरन कैप्सूल दिए गए एवं जिनका हिमोग्लोबिन 10 ग्राम से लेकर 12 ग्राम के बीच में है उनको उचित खानपान,हरी सब्जियां, फल, आदि के सेवन की जानकारी दी गई साथ ही पर्याप्त मात्रा में गुड, चना खिलाए गए। समाजसेवी रवि गोयल दौपुरा वालो ने बताया कि गुरुवार को कस्बे के दो अलग अलग स्थानों पर एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कैलाश फिलिंग स्टेशन पर 30 एवं आर डी कांवेंट स्कूल में 192 छात्र छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ की एनीमिया जांच की गई। कार्यक्रम संचालन हेमंत बंसल द्वारा किया गया। शिविर में शाखा सदस्य लखनलाल कुशवाह, शिवशंकर बिंदल, कैलाश चंद गोयल, अंकुर गर्ग, हेमंत बंसल, रवि गोयल दौपुरा वाले, विद्यालय प्रबंधक विवेक मित्तल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# धौलपुर कोर्ट के अधिवक्ता पर जानलेवा हमले का मामला, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



» बाड़ी.. एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता।

## बाड़ी कोर्ट में वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** बार एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए मुख्यमंत्री के नाम बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौपा है। वकीलों ने मांग की है कि धौलपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता पर 21 मार्च को कैथरी रिसोर्ट के पास जानलेवा हमला हुआ था। इसकी रिपोर्ट कराये जाने के बावजूद आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ऐसे में उक्त घटना से अधिवक्ता में रोष है साथ में अधिवक्ता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

बाड़ी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कौशिक ने बताया कि 21 मार्च को धौलपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता उपेंद्र शर्मा पर असामाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था।जिसमें घायल अधिवक्ता अस्पताल में उपचाराधीन है। मामले को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दी गई है। आरोपी अभी तक फरार हैं। उक्त घटना से जिले के समस्त वकीलों में असुरक्षा का माहौल है। ऐसे में बार एसोसिएशन ने आज कार्य का बहिष्कार करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम भगवत शरण त्यागी को सौंपा है। उक्त ज्ञापन में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई है और भविष्य में अधिवक्ताओं के साथ ऐसी घटनाएं न हो। इसको लेकर जल्द से जल्द अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को पारित करने की भी मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# सुदामा चरित्र और समापन प्रसंग सुन श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर.....भागवत में प्रवचन देते आचार्य।

**धौलपुर।** आरएसी रोड स्थित श्रीगंगा बेटी मन्दिर के परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन श्रीमद् भागवत का रसपान करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भागवत कथा के अंतिम दिन भगवान के 16107 विवाह, प्रद्युम्न जन्म, शंबरासुर वध, सुदामा चरित्र, नवयोगेश्वर सम्वाद, 24 गुरुओं की कथा, कलयुग के राजाओं का प्रसंग, भगवान की विभूतियों की कथा, परिचित मोक्ष, शुकदेव पूजन, व्यास विदाई और फूल होली के साथ कथा को विश्राम दिया गया।

श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा वाचक आचार्य कृपाशंकर जी महाराज ने विस्तार से कथा का बड़े ही रोचक अंदाज में वर्णन करते हुए श्रोताओं को भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। कथा व्यास आचार्य कृपाशंकर जी महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन सुकदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद्भागवत कथा को पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया।

उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि मानव जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए के बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया। सुदामा चरित्र और कथा के समापन प्रसंग पर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

श्रीकृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा। आचार्य ने गो सेवा कार्य करने पर जोर दिया। सुदामा की मनमोहक झांकियों का चित्रण किया गया जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हो उठा। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कायस्थपाड़ा के भमरौलिया राना परिवार की ओर से किया गया। इस पवित्र अवसर को सफल बनाने में यजमान विजय सिंह और नीतू राना सहित जय सिंह राना, वासुदेव शर्मा, प्रदीप राना, जीतेन्द्र सिंह ज्योति, राम कुमार सिंह, श्याम सिंह, अनिल चौधरी, धर्मवीर सिंह प्रगति, गोविंद सिंह राना, अभय राना, मनोज राना, विजय सिंह वोवले, राहुल राना, विजेंद्र सिंह राना, रजनीकांत शर्मा, नरेंद्र सिंह, नीतू राना, अंकुर राना, कुणाल, गौरव राना, विशाल राना, अशोक कुमार सिंह, योगेंद्र, मंजीत, अनिल दुबे, अभय व समस्त राना परिवार और इष्ट मित्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर.....बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**धौलपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर की एक आवश्यक बैठक का आयोजन स्थानीय श्याम कम्प्लेक्स में किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिला संगठन प्रभारी अजीत यादव रहे। विशिष्ट अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सचिव बसेड़ी विधानसभा प्रभारी प्रशांत उपाध्याय,बाडी विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी सद्दाम हुसैन, राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी विनीत पाल सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष पंडित दुर्गा शास्त्री रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने की बैठक में विधान सभा बाड़ी के प्रत्याशी प्रशान्त परमार पूर्व सभापति कमल कंसाना राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सचिव धर्मेंद्र शर्मा ,प्रदेश सचिव अमित मुद्गल पूर्व प्रधान पंचायत समिति बसेड़ी लाखन सिंह खिडोरा सहित जिला कांग्रेस पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष ,पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ स्तरीय कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे। बैठक में राज सरकार द्वारा मनमानी एवं राजनीतिक दुर्भावना से की जा रही नगर निकायों एवं पंचायतो की सीमा वृद्धि वार्डों का परिसीमन विषयों को लेकर विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि अजीत यादव ने कहा कि राजस्थान सरकार अपने मनमानी तरीके से नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में परिसीमन पुनर्गठन सीमा वृद्धि कर रही है वह जन भावनाओं की विपरीत है एवं नियम विरुद्ध हैं सरकार राजनेतिक दुर्भावना से यह कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि राज सरकार द्वारा मनमाने तरीके से नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में परिसीमन पुनर्गठन कर रही है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सचिव बसेड़ी विधानसभा के प्रभारी प्रशांत उपाध्याय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों में सीमा वृद्धि एवं परिसीमन कर रही है वह राजनीतिक दुर्भावना से कर रही है। कांग्रेस पार्टी मजबूत है और मिलकर इसके खिलाफ आवाज उठाएगी। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री ने कहा कि जिले में कांग्रेस संगठन मजबूत है और आगामी पंचायत और स्थानीय निकाय के चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस वापसी करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास पंचायती राज विभाग द्वारा 31 मार्च 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक दावे आपत्तियां मांगी गई हैं। स्वायतन शासन विभाग द्वारा जारी पर पत्र के अनुसार नगर निकाय में परिसीमन के प्रस्तावों पर 28 मार्च 2025 से 17 अप्रैल 2025 तक दावे आपत्तियां मांगी गई हैं। इसको कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। संबोधित करते हुए पूर्व बाड़ी प्रत्याशी प्रशांत परमार, सभापति कमल कंसाना, प्रदेश कांग्रेस सचिव धर्मेंद्र शर्मा ,अमित मुद्गल ,लाखन सिंह खिडोरा , सेवा दल अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, जिला सचिव लीना शर्मा, भावना सिंगल वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार भारद्वाज सुवालाल जाटव, योगेश शर्मा सरपंच वीरेंद्र सिंह जादौन, मुरारी लाल घुरेया सरपंच,ने कहा कि अधिकारी अपनी मनमर्जी से ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों की सीमाएं तय कर रहे हैं जिससे कई गांवों के लोगों को असुविधा हो रही है। सरकार को लोगों की राय को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कई गांवों के ग्रामीण नई ग्राम पंचायतों में जोड़ने व वर्तमान ग्राम पंचायतों से हटाने के विरुद्ध में ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं । ब्लाक अध्यक्ष रामेंद्र सिंह मीणा ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, ब्लॉक ग्रामीण धौलपुर अध्यक्ष शिबू लोधा ,ब्लॉक मनिया अध्यक्ष राजेंद्र पोसवाल, बसेड़ी ब्लाक अध्यक्ष रविंद्र परमार रविंद्र परमार,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनीश खान प्रदेश महासचिव पंकज तिवारी, मूला सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष महेश सिकरवार, राजवीर मीना,राम लखन मीणा,ने कहा कि कांग्रेस पार्टी त्याग बलिदान की पार्टी है मंच संचालन संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया इस अवसर पर सेवा दल के बॉबी जगरिया, अनिल अरेला, अभिषेक यादव पार्षद, धीरु जाट, पार्षद जीतू कंसाना, आनंद मिश्रा, विवेक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अविनाश शास्त्री, कोषाध्यक्ष मनीष मंगल, निसार गुड्डू कुरैशी, सचिव संजय बघेल, हिमांशु शर्मा, सद्दाम खान पार्षद, बृजराज सिंह पार्षद, राहुल परमार, सत्यवान बैसला, युवा कांग्रेस आजाद खान उस्मानी, मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह, देवी सिंह कुशवाहा, धमेंद्र परमार, राजेश कुशवाहा, नईम खान बाड़ी, पूरन सिंह, महादेव मीणा, केशव मीणा मुकेश कुमार, जिला कांग्रेस नवल सिंह मंडल शहर अध्यक्ष राजाखेड़ा, राजेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष, नगर शिव केश मीणा, पप्पू सिंह सोलंकी मंडल अध्यक्ष, कंचनपुर कृष्ण परमार मंडल अध्यक्ष अब्दुलपुर, राम लखन मीणा जिला उपाध्यक्ष, तारा सिंह मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## अतरौली गांव को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा ब्लॉक के अतरौली और नसीलपुर गांव के ग्राम वासियों ने पवन तिवारी के नेतृत्व में एक दिन का अर्द्धनग्न होकर धरना विरोध प्रदर्शन अतरौली गांव में किया। ग्रामवासियों ने बताया अतरौली गांव सबसे बड़ा राजस्व गांव है। अतरौली की सबसे ज्यादा जनसंख्या और सबसे ज्यादा मतदाता हैं। अतरौली गांव से नसीलपुर गांव की दूरी महज दो किलोमीटर है और रहसेना ओर मड़ई गांव की दूरी भी दो किलोमीटर है, आने जाने के लिए भी सुगम अच्छा रास्ता है। चारों गांव में सबसे बड़ा और बीचों बीच में स्थित हैं। ग्रामवासियों ने बताया इसलिए अतरौली गांव को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाया जाए। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है अगर अतरौली गांव को पंचायत मुख्यालय नहीं बनाया तो पूरा गांव विरोध प्रदर्शन करेगा और आगे सभी चुनावों का बहिष्कार करेगा। इस मौके पर उपस्थित लोगों में बीरबल लोधी, अशोक लोधी, कृष्ण, लोधी, रामसिंह, रोहित, विजय जाटव, बंटी जाटव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**धौलपुर।** उपखण्ड सरमथुरा में नदी में डूबने से होतीलाल पुत्र पोथी निवासी भम्पुरा की मृत्यु हो गई थी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि मुख्यमंत्री सहायता कोष से मृतक की आश्रित पत्नी लक्ष्मी को 1 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# राजाखेड़ा में प्रशासन स्थापना समिति की बैठक हुई आयोजित

## बगैर अनुमोदन किए गए पदस्थापना आदेशों को वापस लेने का लिया गया निर्णय

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा पंचायत समिति में शुक्रवार को प्रशासन स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान लता कंवर उर्फ चारु तोमर ने की। पंचायत समिति प्रधान ने बताया कि बैठक के दौरान तात्कालीन विकास अधिकारी द्वारा बगैर अनुमोदन किए गए पदस्थापना आदेशों को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि 32 ग्राम पंचायतों के अंदर केवल 16 ग्राम विकास अधिकारी पदस्थापित हैं वहीं 15 कनिष्ठ सहायक पदस्थापित है जिनमें से दो कनिष्ठ सहायक पंचायत समिति में पदस्थापित है, ऐसे में सभी ग्राम विकास अधिकारियों को पर डबल चार्ज है और कनिष्ठ सहायकों को भी अतिरिक्त चार्ज देने का निर्णय लिया गया है, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो सके। बैठक के दौरान पंचायत समिति की साफ -सफाई और पंचायत समिति कार्मिकों की बैठक व्यवस्था को लेकर भी निर्णय लिया गया है। प्रधान ने बताया कि बरसात के समय में पंचायत समिति की छत लीकेज होती है जिसकी मरम्मत का भी निर्णय बैठक में लिया गया है। इस दौरान बैठक में प्रधान लता कंवर के साथ नवल सिंह जादौन, रामवीर त्यागी, नीरज देवी, रजनी देवी, अनीता देवी, नंदराम बघेल, अचल सिंह, संस्थापक बाबू धीरव प्रताप आदि मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी ने विधानसभा बूथ प्रभारियों का किया सम्मान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** आम आदमी पार्टी ने जिले की बाड़ी एवं बसेड़ी विधानसभा के बनाए गए विधानसभा बूथ प्रभारियों का बाड़ी पहुंचकर स्वागत एवं सम्मान किया। जिलाध्यक्ष मुबीन अहमद फारूकी ने बताया कि पूरे राजस्थान में आम आदमी पार्टी ने आगामी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव के संदर्भ में नवीन सूची जारी की है, जिसमें बाड़ी से विधानसभा बूथ प्रभारी अनूप शर्मा, बसेड़ी से शिवराम गोस्वामी, धौलपुर से पंकज शर्मा और राजाखेड़ा से ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा को बनाया गया है। प्रथम चरण में बाड़ी एवं बसेड़ी के विधानसभा बूथ प्रभारियों का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। पार्टी के कोषाध्यक्ष सोमवीर तोमर ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है और आगामी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत के चुनाव जमीनी मुद्दों पर लड़ेगी। जिसके लिए इन विधानसभा बूथ प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पंकज शर्मा, शब्बीर खान, डॉ. अमर सिंह कुशवाहा, हजारीलाल बंसीवाल, अनूप शर्मा, शिवराम गोस्वामी, मुकेश गर्ग, राधेश्याम बंसल, अंकित मथुरिया, सुमित चाहर, आकाश राणा, हरीकिशोर परमार, साबिर खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर।** 400 केवी जीएसएस हिंडोन पर 220 केवी डीसीसीपीपी हिन्डोंन लाइन का रखरखाव कार्य किया जायेगा। अधिशाषी अभियन्ता संध्या चौहान ने बताया कि 220 केवी जीएसएस धौलपुर के 33 केवी डांग बसई व सैंपऊ एवं 132 केवी जीएसएस रीको, मनिया, मरेना, राजाखेड़ा के 33 केवी कोलारी, बगचोली, मड़ाभाऊ, मरैना, जसुपुरा, जाटोली, मरेना, नागर, नदोरा की 29 मार्च को सुबह 7:30 बजे से 10:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# शहर में हनुमान जयंती पर दूसरी बार आयोजित होगी शोभायात्रा

## गुमट हनुमान मंदिर पर होंगे विशेष आयोजन,बजरंग सेवा समिति का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» बाड़ी.. बैठक करते हुए समिति के पदाधिकारी।

**बाड़ी।** हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकलने वाली भव्य हनुमान शोभायात्रा को लेकर गुरुवार की रात शहर के गुमट हनुमान मंदिर से जुड़ी बजरंग सेवा समिति की एक बैठक का आयोजन अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समिति से जुड़े पदाधिकारी,कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी भक्तजन मौजूद रहे। जिसमे जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई और तैयारियों पर जानकारी ली गई। बैठक के दौरान शोभायात्रा संयोजक रामकुमार चौधरी ने बताया की हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शहर की विभिन्न समितियों को निमंत्रण दिया जा रहा है साथ में शहर के सभी भक्तजनों से मंदिर के कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। इस कार्य में शोभायात्रा के सह संयोजक प्रदीप गोयल एवं मनीष कुमार को बनाया गया है।

शहर में दूसरी बार हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियां चल रही है। हनुमान जन्मोत्सव की प्रातः बेला में संकट मोचन हनुमान महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रृंगार किया जाएगा साथ ही सुबह 09 बजे से हनुमान जी की शोभायात्रा मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्ग सब्जी मंडी,लोहा बाजार,सराफा बाजार होकर घंटाघर से कोट पाड़ा, सेढ पाड़ा, अंबेडकर पार्क, बसेड़ी बस स्टैंड से होते हुए निकाली जाएगी। इसके उपरान्त मंदिर पर छप्पन भोग,फूल बंगला झांकी के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जायेगा। बैठक के दौरान बजरंग सेवा समिति की अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मित्तल, उपाध्यक्ष विजय सिंगल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, महामंत्री सुभाष चंद्र बंसल, राजेंद्र मंगल, महावीर प्रसाद गोयल, भूरा परमार, रामअवतार शर्मा, तनिष्क मंगल, रमेश शास्त्री, ऋषि कपरेला, विपिन सिंगल, राजू , नीतू, योगेश गोयल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कोली समाज का होली मिलन समारोह कल

**धौलपुर।** अखिल भारतीय कोली समाज जिला शाखा का 30 मार्च को कोली समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते कार्यकारी अध्यक्ष रामकेश सिंह कोली ने बताया कि समारोह सुबह 11 बजे किशनावाली बगीची हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान 1 मार्च फुलैरादौज के सामूहिक विवाह सम्मेलनके आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने समाज से अपील की है कि समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सफल बनाएं।

## कब्रिस्तान की भूमि पर किया कब्जा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**धौलपुर।** मुस्लिम समाज बसेड़ी की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम बसेड़ी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कब्रिस्तान की भूमि का भूमाफियाओं पक्ष में पट्टा स्थानान्तरित कर दिया गया तथा कब्रिस्तान की चार दीवारी को तोड़कर नीम खोदने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। ज्ञापन देने जुगनू, कालू, शेरखान, पीरूददीन, अनीस खान, राजू खान, आबू खान, टीपू, सोनू, रफीक, सुल्तान, इस्लाम, शेखर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पदयात्री प्रतिदिन बड़ी संख्या में जा रहे है कैलादेवी

**बाड़ी।** शुक्रवार को एक जत्था मैया के दर्शन के लिए पैदल यात्रा पर निकला। लाखों की संख्या में प्रतिदिन दूर दराज से माता केला देवी के मंदिर पर पैदल यात्री जा रहे हैं। कोटपाड़ा बाड़ी से एक टोली रवाना हुई। जय माता दी के जयकारे लगाते हुए भक्त माता के भवन के लिए रवाना हुए। बौ.कल्ला खिदरपुर वाले एवं पार्षद संगीत शर्मा ने तिलक लगाकर युवा शक्ति को रवाना किया। जिसमें राकेश शर्मा, नवीन शर्मा, पुनीत कपरेला, ध्रुव पंडित, कन्हैया सोनी, धनंजय शर्मा आदि लोग माता रानी के दरबार के लिए पैदल यात्रा के लिए रवाना किया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः- ए.जी.सी.- ई.एल.जी.- टी.-31-2024-25 दिनांकः 25.03.2025

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः**-(ए) आगरा मंडल के राजा की मंडी / बिल्लोचपुरा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ कर्मचारियों के उपयोग के लिए अन्य आधुनिक सुविधाओं के साथ आरपीएफ आउट पोस्ट ऑफिस भवन, 15 beded वाले बैरक (पुरुष कर्मचारियों के लिए 10 bed और महिला कर्मचारियों के लिए 05 bed) का निर्माण के लिए विद्युतीकरण कार्य । (बी) आगरा ईस्ट बैंक (यमुना ब्रिज) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ 07 beded वाले आरपीएफ बैरक के निर्माण के लिए विद्युतीकरण कार्य । **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 08 माह

**कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 1377951.47

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल वेब पोर्टल Indian Railways website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दिनांक 22.04.2025 तक टेन्डर डाल सकते है। **538/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



# कार्यालय पंचायत समिति सैंपऊ (धौलपुर)

क्रमांकः पं.स.सैं./खु.नि./2025/219-22 दिनांक :- 27.03.2025

**खुली निविदा सूचना संख्या 07/2024-25**

पंचायत समिति कार्यकारी ऐजेंसी के तहत पन्द्रवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत स्वीकृत 02 संकर्म सम्पादन अनुमानित लागत 5.00 लाख रुपये प्रत्येक कार्य कुल 10.00 लाख रुपये हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत रजिस्टर्ड फर्मों से दिनांक 02.04.2025 समय 12.00 पीएम तक कार्यवार खुली निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनके यूबीएन नम्बर क्रमशः ZDH2425WSRC00753-54 है। अन्य विवरण वेब पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है। जहां से देखा और डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रधान
पंचायत समिति
सैपऊ

विकास अधिकारी
पंचायत समिति
सैपऊ


# न्यायालय श्रीमान सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बाड़ी

**मुकदमा उनवानी विजय सिंह बगैरा**

**बनाम**

**नगर पालिका मण्डल बाड़ी बगैरा**

**सूचना आम**

जन-साधारण को सूचित किया जाता है कि वादीगण विजय सिंह बगैरा ने प्रतिवादीगण नगर पालिका मण्डल बगैरा के विरुद्ध स्थायी निषेद्याज्ञा का वाद प्रस्तुत किया कि वे महाराज बाग स्थित महाराणा प्रताप खेल मैदान स्टेडियम से सटा हुआ पश्चिम दिशा की ओर पार्क जो कि खेल मैदान का ही अंश है। पार्क के अस्तित्व को समाप्त नहीं करें व पार्क वाली जगह को झूले दुकाने आदि के लिये आवंटित नहीं करे पेड़, पौधे, घास नष्ट नहीं करे, बच्चों के मनोरंजन के साधन सामग्री को नष्ट नहीं करे व आमजन एवं बच्चों के घूमने फिरने में किसी भी प्रकार मदाखलत व मजाहमत वेजा नहीं करे। मौके की यथास्थिति बनाये रखे। वादीगण द्वारा उक्त वाद जनहित में पेश किया गया है कि इसलिये समस्त निवासीगण कस्बा बाड़ी को सूचित किया जाता है किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में अपना पक्ष रखना हो तो वह न्यायालय में दिनांक 29.03.2025 को सुबह 10.00 बजे हाजिर स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता द्वारा हाजिर हो सकता है। सूचित हों।

यह नोटिस आज न्यायालय श्रीमान सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बाड़ी की सील व पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर से दिनांक 28.03.2025 को जारी किया गया है।

**आज्ञा से**


# आगरा कैंट-गंगापुर सिटी मेला विशेष रेलगाड़ी

भारतीय रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए **कैला देवी मेला के शुभ अवसर पर** निम्नलिखित मेला विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 01961/01962 आगरा कैंट-गंगापुर सिटी-आगरा कैंट मेला विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 01961 आगरा कैंट-गंगापुर सिटी | | | गाड़ी सं. 01962 गंगापुर सिटी-आगरा कैंट | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 16:45 | आगरा कैंट | 03:30 | -- |
| 17:00 | 17:01 | पथौली | 02:20 | 02:25 |
| 17:09 | 17:10 | मिढ़ाकुर | 01:55 | 02:00 |
| 17:18 | 17:19 | किरावली | 01:41 | 01:46 |
| 17:26 | 17:27 | सिंगारपुर | 01:33 | 01:34 |
| 17:34 | 17:36 | फतेहपुर सीकरी | 01:21 | 01:26 |
| 17:42 | 17:43 | औलेण्डा | 01:14 | 01:15 |
| 17:50 | 17:51 | रूपबास | 01:02 | 01:07 |
| 17:59 | 18:00 | धना खेड़ली | 00:53 | 00:54 |
| 18:07 | 18:08 | बंशी पहाड़पुर | 00:41 | 00:46 |
| 18:15 | 18:16 | नगला तुला | 00:33 | 00:34 |
| 18:23 | 18:24 | बंध बारेठा | 00:24 | 00:26 |
| 18:30 | 18:31 | बीरमबाद | 00:17 | 00:18 |
| 19:15 | 19:18 | बयाना जं. | 00:08 | 00:10 |
| 19:28 | 19:29 | डुमरिया | 23:29 | 23:30 |
| 19:39 | 19:40 | फतेहसिंह पुरा | 23:12 | 23:13 |
| 19:55 | 20:00 | हिण्डौन सिटी | 22:55 | 23:00 |
| 20:10 | 20:12 | श्री महाबीर जी | 22:40 | 22:42 |
| 20:29 | 20:30 | पिलौदा | 22:27 | 22:28 |
| 20:44 | 20:45 | छोटी उदई | 22:17 | 22:18 |
| 21:15 | -- | गंगापुर सिटी | -- | 22:05 |

**आगरा कैंट सेः** गाड़ी संख्या 01961, दिनांक 29.03.2025 से 12.04.2025
**गंगापुर सिटी सेः** गाड़ी संख्या 01962, दिनांक 29.03.2025 से 12.04.2025

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

**उत्तर मध्य रेलवे**

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 568/25(ADM)

## संपादकीय

# खेलने-कूदने की उम्र में जुर्म, कम उम्र के बच्चे क्यों बढ़ा रहे अपराध की ओर कदम?



जिस उम्र में बच्चों के खेलने-पढ़ने और भविष्य की बुनियाद रचने का दौर होता है, उसमें आज ऐसे किशोरों की संख्या में खासी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है जो अपने सामने की न केवल नकारात्मक, बल्कि आपराधिक प्रवृत्तियों और घटनाओं से भी प्रभावित हो रहे हैं। दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक छात्र की हत्या को आए दिन होने वाले अपराधों के तौर पर ही देखा जाएगा। मगर यह घटना एक बार फिर इस बेहद चिंताजनक प्रवृत्ति को रेखांकित करती है कि देश में अब कम उम्र के बच्चों और किशोरों के व्यक्तित्व के विकास की दिशा किस ओर बढ़ चुकी है और अगर इसे तुरंत नहीं थामा गया तो आने वाले वक्त में समाज का स्वरूप कैसा होगा। गौरतलब है कि वजीराबाद में रविवार की शाम को नौवीं के एक छात्र का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी गई और उसके बाद अगले दिन उसके परिवार को फोन करके दस लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। पुलिस ने जब मामले की छानबीन शुरू की, तब इसे अंजाम देने के आरोपी तीन किशोर पकड़े गए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों से गंभीर अपराधों में भी किशोरों की संलिप्तता के जैसे मामले सामने आ रहे हैं, उसमें यह घटना कोई आश्चर्य नहीं पैदा करती, लेकिन जिस स्तर पर कम उम्र के बच्चों के भीतर आपराधिक प्रवृत्तियों का दायरा फैल रहा है, उसमें यह बेहद चिंता की बात है कि आखिर वे कौन-से कारक हैं जो बच्चों को ऐसी मानसिकता की गिरफ्त में ले रहे हैं। जिस दौर में देश के विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, उसमें समाज की बुनियाद रखने वाले किशोर उम्र के बच्चों की जिंदगी किस दिशा में बढ़ रही है। गुजरात के अमरेली जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में 'डेयर गेम' खेलते हुए खुद को चोट पहुंचाने या फिर दस रुपए भुगतान करने की चुनौती देने के बाद पच्चीस बच्चों ने खुद को ब्लेड से घायल कर लिया। इस तरह की सोच का सिरा आगे कहां जाएगा? खुद को नुकसान पहुंचाने या फिर इससे आगे किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए प्रेरित करने वाली प्रवृत्ति के स्रोत आखिर क्या हैं? कई बार ऐसा लगता है कि मौजूदा दौर में आम जनजीवन में घुल गए या फिर जरूरतों में शामिल हो चुके तकनीकी संसाधन बच्चों के विवेक पर भी हमला कर रहे हैं और उनके भीतर सही-गलत के बारे में सोचने की प्रक्रिया बाधित हो रही है। वरना क्या कारण है कि जिन आधुनिक तकनीकों को विकास का मानक मान लिया जाता है, वही कई बार एक विचित्र सम्मोहन पैदा कर रहे हैं और कई किशोर उससे प्रभावित होकर अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जघन्य अपराध करने से भी नहीं हिचकते। उनके भीतर कानून तक का खौफ नहीं होता। विडंबना यह है कि जिस उम्र में बच्चों के खेलने-पढ़ने और भविष्य की बुनियाद रचने का दौर होता है, उसमें आज ऐसे किशोरों की संख्या में खासी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है जो अपने सामने की न केवल नकारात्मक, बल्कि आपराधिक प्रवृत्तियों और घटनाओं से भी प्रभावित हो रहे हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अपने सामने परोसे जा रहे चकाचौंध के बीच वे कल्पनाएं बुनते हैं और कई बार ऐसे अपराधों को भी अंजाम देते हैं, जो उनके मौजूदा और भावी जीवन को तबाह कर देते हैं। कोई वेब सीरीज देखने या वीडियो गेम खेलने के क्रम में बच्चे कब बेलगाम सपनों के संजाल में फंस कर अपराध के दलदल में दाखिल हो जाते हैं, यह पता नहीं चलता। अफसोस की बात यह है कि बच्चों और किशोरों की यह चिंताजनक दशा और दिशा न तो समाज और न ही सरकार की चिंता में शुमार है। यह बेवजह नहीं है कि जिन बच्चों को समाज और देश के बेहतर भविष्य के लिए उम्मीद की किरण माना जाता है, उनमें से कई अक्सर बड़ी समस्या के वाहक बन रहे हैं।

# निरंतरता और सफलता के बीच है गहरा संबंध, लक्ष्य को प्राप्त करना होता है आसान

**सातत्य का आशय किसी भी गतिविधि की निरंतरता से होता है। अगर हम अपने चहुंओर के परिवेश या खुद अपने शरीर की किसी भी गतिविधि या क्रियाकलाप का गहन सूक्ष्मता के साथ अवलोकन करें तो हम निश्चित रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचेंगे कि प्रत्येक गतिविधि दो सीमांत बिंदुओं 'आरंभ' और 'अंत' के बीच संचालित होती है।**




निरंतरता किसी भी मंजिल या लक्ष्य तक पहुंचने के लिए एक अनिवार्य शर्त है। जब कभी और जहां कहीं निरंतरता खंडित होती है, संबंधित गतिविधि परिणाम के बजाय दुष्परिणाम का वरण कर लेती है। सातत्य या निरंतरता और सफलता के बीच एक नितांत गहरा संबंध है, बल्कि दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। सातत्य का आशय किसी भी गतिविधि की निरंतरता से होता है। अगर हम अपने चहुंओर के परिवेश या खुद अपने शरीर की किसी भी गतिविधि या क्रियाकलाप का गहन सूक्ष्मता के साथ अवलोकन करें तो हम निश्चित रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचेंगे कि प्रत्येक गतिविधि दो सीमांत बिंदुओं 'आरंभ' और 'अंत' के बीच संचालित होती है। आरंभ और अंत के बीच का अंतराल कितना लंबा होगा, यह पूरी तरह से उस गतिविधि की निरंतरता या सातत्य पर निर्भर करता है। हम कल्पना कर सकते हैं कि हमने किसी नूतन लक्ष्य को केंद्रित करते हुए कोई क्रिया आरंभ की और बहुत कम समय के बाद ही किसी न किसी कारण से हमें उससे खत्म भी करना पड़ा। तब ऐसी दशा में हम अपने लक्ष्य को कभी प्राप्त नहीं कर पाएंगे, क्योंकि हमारे द्वारा क्रियान्वित की गई गतिविधि निरंतरता को प्राप्त नहीं कर पाई। दूसरे शब्दों में कहें तो निरंतरता किसी भी मंजिल या लक्ष्य तक पहुंचने के लिए एक अनिवार्य शर्त है। जब कभी और जहां कहीं निरंतरता खंडित होती है, संबंधित गतिविधि परिणाम के बजाय दुष्परिणाम का वरण कर लेती है। सातत्य या निरंतरता और सफलता के बीच एक नितांत गहरा संबंध है, बल्कि दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। इसका सर्वोत्तम उदाहरण प्रकृति है। प्रकृति के सभी मूलभूत घटक, उदाहरणार्थ- जल, वायु आदि सभी सातत्य के सिद्धांत का अनुसरण करते हैं। जल और हवा के बहाव में अगर सातत्य या निरंतरता न हो, तो निश्चित ही वे महत्त्वहीन हो जाएंगे। कलकल करती सरिता और शांत तड़ाग में निस्संदेह सततवाहिनी सरिता कहीं अधिक महत्त्व रखती है। इसका कारण केवल इतना है कि बहती हुई सरिता सदैव सातत्य के अंक में रहती है। ठहराव से उसका कोई संबंध नहीं होता। ऐसा नहीं है कि ठहराव आवश्यक नहीं है, लेकिन वह ठहराव लक्ष्य के पड़ाव तक पहुंचने के बाद ही होना चाहिए। नदी जब महासागर में विलीन हो जाती है, तभी उसका अस्तित्व अपनी यात्रा को पूरा करके ठहराव की दशा को प्राप्त कर पाता है।

जीवन की निरंतरता के बने रहने के लिए सांस में सातत्य का होना अनिवार्य है। सांस के असतत होने का सीधा-सा अर्थ है- जीवन की मृत्यु में परिणति। जन्म और मृत्यु आत्मा की अनंत यात्रा के दो पड़ाव होते हैं। इन पड़ावों के बीच यानी जन्म से लेकर मृत्यु के बीच की सीमित यात्रा का नाम ही जीवन है। अब इस यात्रा की अवधि सातत्य के स्तर पर निर्भर करती है। यात्रा सातत्य से सिंचित होगी, तो निस्संदेह हम लंबे समय तक जीवन का आनंद भोगने में सफल रहेंगे। वहीं अगर यात्रा का सातत्य किसी भी कारण से खंडित हुआ तो मृत्यु के निकट आने में कोई भी विलंब नहीं होगा। भौतिक और सांसारिक जीवन से परे इन विषयों से थोड़ा-सा संकुचित होकर केवल दैनिक जीवन, क्रियाकलापों और गतिविधियों पर ही केंद्रित रहा जाए तो भी सातत्य की महिमा कहीं न कहीं स्वयंसिद्ध है। सातत्य ही जीवन को सफल बनाने का एक मूल मंत्र है। परिस्थितियों से बिना प्रभावित हुए अपने कार्य को निरंतरता के साथ करते रहना ही सातत्य है। जीवन का कोई भी ऐसा पहलू नहीं है जहां पर सातत्य के बिना सफलता का अर्जन किया जा सके, क्योंकि सफलता का कोई भी लघु मार्ग या सूत्र अभी तक उपलब्ध नहीं है। सफलता के लिए अथक परिश्रम की आवश्यकता होती ही है, जो केवल और केवल सातत्य के माध्यम से ही संभव है।

जीवन में सातत्य का अनुसरण करने से व्यक्ति को लाभों का एक ऐसा पिटारा प्राप्त हो जाता है, जिसकी कल्पना संभवतः उसके द्वारा नहीं की गई होती है। सातत्य की प्रवृत्ति व्यक्ति को द्रुत गति से उसके लक्ष्य तक पहुंचाने में सहायक होती है। यह व्यक्तित्व को अद्भुत तरीके से निखार देता है। व्यक्तित्व के अंदर अनेक दुर्लभ विशिष्टताओं का समावेश सातत्य का अनुसरण करके ही संभव हो पाता है। इनमें सबसे मूल्यवान उपलब्धि होती है- आत्मविश्वास। किसी भी कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण का भाव अपनाते हुए उसके क्रियान्वयन में सातत्य को समाविष्ट करने से विभिन्न चरणों में आने वाली बाधाएं व्यक्ति के अंदर आत्मविश्वास के स्तर को उच्चीकृत करने में सहायता करती हैं। मगर सातत्य को विकसित करने के लिए हमें प्रकृति की कुछ शर्तों को स्वीकार करना होगा। इनमें से पहला और सबसे अहम शर्त यह है कि हमें किसी भी कार्य या गतिविधि के रूप वाली वैतरणी को धैर्य की नौका पर सवार होकर ही पार करने की चेष्टा करनी चाहिए, क्योंकि धैर्य वह ब्रह्मास्त्र है जो बड़ी से बड़ी चुनौतियां एवं बाधाओं को अपनी अमोघ शक्ति से चकनाचूर कर देने में सक्षम है। सातत्य के प्रादुर्भाव के लिए धैर्य परम आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आत्मानुशासन, सकारात्मकता से परिपूर्ण मनोबल, समय का उचित प्रबंधन और ध्यान का लक्ष्य पर केंद्रित होना। ये कुछ ऐसी शर्तें हैं जो प्रकृति के द्वारा मूक रूप से हमारे समक्ष सातत्य का उपहार प्राप्त करने के बदले में रखी जाती हैं। इनका व्यवस्थित अनुपालन करने के बाद ही हम जीवन में सातत्य की अपेक्षा कर सकते हैं। हमें अपने शरीर और मन-मस्तिष्क, दोनों की गतिविधियां सातत्य से युक्त रखनी चाहिए, क्योंकि सातत्य हमारे अंदर विजय प्राप्त करने जैसी भावना को जागृत करता है। सातत्य का खंडित होना हमारे अंदर कहीं न कहीं कुंठा और निराशा को जन्म देता है और ये भाव हमारे व्यक्तित्व में विकृति उत्पन्न करते हैं। सातत्य एक ऐसा अमूल्य रत्न है जो अगर किसी ने एक बार प्राप्त कर लिया तो फिर वह आजीवन उसका लाभ सूद समेत प्राप्त करता रहेगा। साधारण से असाधारण में परिणत होने के लिए सफलता एक आवश्यक तत्त्व है, लेकिन उस सफलता की प्राप्ति के लिए सातत्य एक अपरिहार्य शर्त है।

# पाठ्यपुस्तकों में गुम असली नायक, भारतीय योद्धाओं की उपेक्षा क्यों?

क्रूर औरंगजेब के बारे में हाल तक एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में यही पढ़ाया जाता रहा कि वह टूटे मंदिरों के निर्माण के लिए दान दिया करता था। क्रूर आक्रांताओं एवं आततायी शासकों में नायकत्व देखने की प्रवृत्ति विभाजन की विषबेल को सींचती और समाज को बांटती है। यह समय की मांग है कि संभाजी या राणा सांगा जैसे योद्धाओं को हमारी पाठ्यपुस्तकों में समुचित स्थान मिले। औरंगजेब के महिमामंडन का मामला खत्म भी नहीं हुआ था कि बाबर का उल्लेख कर राणा सांगा पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। औरंगजेब का महिमामंडन फिल्म छावा की सफलता के बाद शुरू हुआ था। इस फिल्म में दर्शाई गई औरंगजेब की क्रूरता एवं मजहबी कट्टरता के कारनामों से लोग स्तब्ध रह गए। इस फिल्म में स्वराज्य और स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाने वाले छत्रपति संभाजी और उन्हें अमानुषिक यातनाएं देने वाले औरंगजेब का चित्रण किया गया है। संभाजी जैसे नायक की वीरता और निःस्वार्थता की कहानी देखकर स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि आखिर किन कारणों से हमारी पाठ्यपुस्तकों में आततायी शासकों एवं विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया और महानायक सी पात्रता रखने वाले भारतीय योद्धाओं की उपेक्षा की गई? उन्हें मुख्यधारा तो दूर, हाशिए पर भी जगह नहीं दी गई। छत्रपति संभाजी, पेशवा बाजीराव, लचित बरफुकन, ललितादित्य मुक्तापीड, बप्पा रावल, राणा सांगा, महाराणा कुंभा, सरदार हरि सिंह नलवा जैसे राष्ट्र नायकों की वीरता और सिख गुरुओं एवं उनकी संतानों की बलिदानी परंपरा की तुलना में तुर्कों, अफगानों, मुगलों और अंग्रेज लार्डों के अतिरंजित यशोगायन को भला कैसे उचित एवं तर्कसंगत ठहराया जा सकता है? कैसी विडंबना है कि इतिहास की हमारी पाठ्यपुस्तकों में एक ओर मुगलों की पूरी की पूरी वंशावली रटा दी गई, उन्हें उदार और न्यायप्रिय सिद्ध करने के लिए मिथ्या कहानियां रची गईं तो दूसरी ओर छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, राजा कृष्णदेव राय, राजराजा चोल जैसे अनेक वास्तविक महानायकों को चंद पृष्ठों में समेट दिया गया? भारत ने अपनी सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा के लिए कितना कुछ भोगा, यह हमें विस्तार से बताया जाना चाहिए था, पर हुआ इसके ठीक विपरीत। हमारे आहत स्वाभिमान और अतीत के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय स्वतंत्र भारत की अधिकांश सरकारों द्वारा उस पर नमक छिड़कने का ही



कार्य किया गया। हद तो यह है कि देश में आततायी आक्रांताओं के नाम पर सड़कों, शहरों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक भवनों आदि के नाम रखे गए और स्वतंत्रता के बाद भी उन्हें यथावत रहने दिया गया। देश के न केवल दूर-दराज के इलाकों, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों के नाम भी आक्रांताओं के नाम पर मिल जाते हैं। उन्हें देखकर वर्तमान पीढ़ी के मन में कैसा भाव जगता होगा? भला कोई देश आक्रमणकारियों का गुणगान कैसे कर सकता है? क्या इंग्लैंड में हिटलर के नाम पर किसी सड़क, भवन या चौक-चौराहे के नाम रखे जाने की कल्पना भी की जा सकती है? इंग्लैंड तो छोड़िए, जर्मनी तक में हिटलर के नामो-निशान नहीं मिलते, परंतु स्वतंत्र भारत में यह सब देखने को मिलता है। बर्बरता की सभी सीमाएं लांघ जाने वाले आक्रांताओं के नाम पर इमारतों-सड़कों-शहरों के न केवल नाम रखे गए, बल्कि उन नामों पर जलसे और जश्न मनाए गए। यदि किसी प्रबुद्ध व्यक्ति अथवा संगठन आदि ने आक्रांताओं द्वारा की गई क्रूरता का विरोध किया तो उलटे उन्हीं पर सांप्रदायिकता का आरोप मढ़ दिया गया। मुगलों का महिमामंडन करने वाले बुद्धिजीवी क्या यह नहीं जानते कि मुहम्मद बिन कासिम, महमूद गजनी, मोहम्मद गोरी, अलाउद्दीन खिलजी, तैमूर, नादिर, अब्दाली आदि की तरह मुगल भी विदेशी आक्रांता थे, जिन्हें अपनी पृथक पहचान पर बड़ा गर्व था। उन्होंने भारत से लूटे गए धन का बड़ा हिस्सा समरकंद, खुरासान, दमिश्क, बगदाद जैसे शहरों एवं इस्लामिक खलीफाओं की शानो-शौकत पर खर्च किया। वे स्वयं को तैमूरी नस्ल से जोड़कर देखते थे। जिस तैमूर ने तत्कालीन विश्व की लगभग पांच प्रतिशत आबादी का कत्लेआम किया, जिसने दिल्ली से लेकर हरिद्वार तक निर्दोष एवं निहत्थे लोगों का अकारण खून बहाया, उससे जुड़े होने में वे गौरव का अनुभव करते रहे। मुगल शासकों में औरंगजेब तो मजहबी कट्टरता का पर्याय था। नौ अप्रैल, 1669 को उसके द्वारा जारी राज्यादेश उसकी कट्टरता का प्रमाण है। इसमें उसने सभी हिंदू मंदिरों एवं शिक्षा केंद्रों को नष्ट करने के आदेश दिए थे। इस आदेश को काशी-मथुरा समेत उसकी सल्तनत के सभी 21 सूबों में लागू किया गया था। इस आदेश का जिक्र उसके दरबारी लेखक मोहम्मद साफी मुस्तइद्द खां ने अपनी किताब मआसिर-ए-आलमगीरी में किया है। मजहबी जुनून में उसने गैर इस्लामी त्योहारों एवं धार्मिक प्रथाओं पर प्रतिबंध लगा दिया। इस दौरान जजिया लगा, सनातनियों को दोयम दर्जे का नागरिक बनकर जीने को अभिशप्त किया गया तथा सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर और उनके तीन अनुयायियों भाई मतिदास, सतीदास और दयालदास को अत्यंत निर्दयता के साथ मरवा दिया गया। क्रूर औरंगजेब के बारे में हाल तक एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में यही पढ़ाया जाता रहा कि वह टूटे मंदिरों के निर्माण के लिए दान दिया करता था। क्रूर आक्रांताओं एवं आततायी शासकों में नायकत्व देखने की प्रवृत्ति विभाजन की विषबेल को सींचती और समाज को बांटती है। यह समय की मांग है कि संभाजी या राणा सांगा जैसे योद्धाओं को हमारी पाठ्यपुस्तकों में समुचित स्थान मिले, ताकि कोई आततायियों का गुणगान करने की मूर्खता न कर सके।

# सेहत का मोर्चा, स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को बेहतर बनाने की जरूरत

**इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है।**

यह एक हकीकत है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं लेकिन इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है।

भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से अपनी पीठ थपथपा सकती है कि वर्ष 2000 के बाद भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 प्रतिशत की कमी आई है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है।

इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है।

आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने लाखों लोगों के



जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है। बीते दिनों एक संसदीय समिति ने जिस तरह 60 वर्ष के ऊपर के सभी नागरिकों को इस योजना के दायरे में लाने की जरूरत जताई, उससे यही इंगित होता है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए न केवल केंद्र सरकार को तत्पर रहना चाहिए, बल्कि राज्य सरकारों को भी। केंद्र और राज्य सरकारों को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्वास्थ्य ढांचा सही स्थिति में नहीं है। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी। इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं। यह एक हकीकत है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लेकिन इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है। यदि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को निजी अस्पताल में उपचार कराना पड़ता है तो वह कर्जे में डूब जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि अपने यहां स्वास्थ्य बीमा का उतना चलन नहीं, जितना आवश्यक है। सरकारें इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकतीं कि अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा महंगा होता जाता है और इसके बाद भी उसमें अच्छा-खासा जीएसटी लगता है। आखिर क्यों? अच्छा हो कि सरकारें सेहत के मोर्चे पर और अधिक ध्यान दें।

# सरकार से सवाल पूछना आखिर जुर्म क्यों? पत्रकारों पर बढ़ती सख्ती से लोकतंत्र को खतरा

**एक लोकतांत्रिक देश के संघीय ढांचे की अहम पहचान है सवाल पूछना और अभिव्यक्ति की आजादी। नागरिकों की आवाज को समाचार में जगह देना पत्रकार का दायित्व होता है। अगर वह सच्चाई सामने नहीं लाएगा, जनता की परेशानियों तथा उनकी नाराजगी को सामने नहीं रखेगा, तो पत्रकारिता अपना मूल उद्देश्य खो देगी।**

व्यवस्था के विरोध में जनता के लिए लिखने वाले पत्रकारों के प्रति शासन की असहिष्णुता की खबरें अक्सर सामने आती हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में कोई पत्रकार कैसे अपनी जिम्मेदारी निभा पाएगा। तमाम वैश्विक एजंसियां भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठा रही हैं।

एक लोकतांत्रिक देश के संघीय ढांचे की अहम पहचान है सवाल पूछना और अभिव्यक्ति की आजादी। नागरिकों की आवाज को समाचार में जगह देना पत्रकार का दायित्व होता है। अगर वह सच्चाई सामने नहीं लाएगा, जनता की परेशानियों तथा उनकी नाराजगी को सामने नहीं रखेगा, तो पत्रकारिता अपना मूल उद्देश्य खो देगी। लेकिन आलम यह है कि शासन तंत्र अपने खिलाफ कोई भी स्वर नहीं सुनना चाहता। इसकी बानगी गुवाहाटी में देखने को मिली, जहां एक सहकारी बैंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सवाल पूछने वाले पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि बाद में एक अदालत ने पत्रकार को जमानत दे दी। उस बैंक में अहम पदों पर सत्ता से जुड़े रसूखदार लोग काबिज हैं और वह पत्रकार वहां चल रही अनियमितताओं को लेकर लगातार अपने समाचार पोर्टल पर लिख रहा था। हालांकि इस संबंध में



पुलिस का कहना है कि उस पत्रकार ने जनजातीय समुदाय के एक व्यक्ति के खिलाफ जातिवादी टिप्पणियां की थी।

व्यवस्था के विरोध में जनता के लिए लिखने वाले पत्रकारों के प्रति शासन की असहिष्णुता की खबरें अक्सर सामने आती हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में कोई पत्रकार कैसे अपनी जिम्मेदारी निभा पाएगा। तमाम वैश्विक एजंसियां भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठा रही हैं। यह खेदजनक है कि प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत लगातार नीचे खिसक रहा है। 180 देशों में भारत वर्तमान में 159वें स्थान पर है। वर्ष 2003 से ही भारत का प्रदर्शन खराब आंका जा रहा है। सूचकांक के अनुसार, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये और रूस के बराबर माना जा रहा है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को भारत की तुलना में ज्यादा स्वतंत्रता प्राप्त है, जबकि चीन और रूस निचले पायदान पर हैं। दक्षिण एशियाई देशों में, बांग्लादेश को छोड़कर अन्य सभी देश नवीनतम सूची में भारत से बेहतर स्थान पर हैं। हमें सोचना होगा कि हम कहां खड़े हैं। लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने वाले इस अहम कारक की ओर ध्यान देना होगा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करती है।



# जोकोविच ने तोड़ा फेडरर का रिकॉर्ड

## मियामी ओपन के सबसे उम्रदराज सेमीफाइनलिस्ट बने, 100वीं जीत से बस एक कदम दूर

सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ,त्रक्क मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए है। उन्होंने रोजर फेडरर का 6 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। रोजर फेडरर ने 2019 में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। तब वे 37 साल और 7 महीने के थे। शुक्रवार को जोकोविच ने 37 साल और 10 महीने की उम्र में मियामी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अगर जोकोविच शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल मैच जीतते है तो यह उनकी 100वीं प्रोफेशनल जीत होगी।



कोर्डा को हराया, दिमित्रोव से होगा मुकाबला चौथी सीड जोकोविच ने क्वाटर फाइनल में अमेरिका के 14वें सीड सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 7-6 से हरा दिया। शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में जोकोविच का सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा।

दोनों के बीच अभी तक 13 मैच खेले गए है, जिसमें से 12 मैच जोकोविच जीते है। 1 मैच में दिमित्रोव को जीत मिली है। पिछले साल ग्रिगोर दिमित्रोव मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे, जिसमें उन्हें जैनिक सिन्नर से हार का सामान करना पड़ा था।

**जोकोविच अभी तक 24 ग्रैंड स्लैम जीते है**

नोवाक जोकोविच अब तक 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके हैं. उन्होंने 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 3 फ्रेंच ओपन, 7 विंबलडन और 4 यूएस ओपन खिताब अपने नाम किए हैं। वह कई बार वर्ल्ड नंबर 1 रह चुके हैं और सबसे ज्यादा हफ्तों तक टॉप रैंकिंग पर रहने का रिकॉर्ड भी बना चुके हैं।

सबालेंका मियामी ओपन के फाइनल में पहुंची विमेंस सेमीफाइनल राउंड में शुक्रवार को आर्यना सबालेंका ने इटली की जस्मिन पाओलीनी को 6-2,6-2 से हराया। अब सबालेंका शनिवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला से फाइनल में भिड़ेंगी। पेगुला ने 19 साल की फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला तीन सेटों में हराया।

# IPL-2025 के पहले 3 मैचों में व्यूअरशिप रिकॉर्ड टूटेः डिजिटल और टीवी प्लेटफार्म पर 5 हजार करोड़ मिनट देखा गया, पिछले सीजन से 33% ज्यादा

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 18वें सीजन के पहले 3 मैचों में व्यूअरशिप रिकॉर्ड टूट गए हैं। BARC के आंकड़ों के अनुसार, टेलीविजन पर IPL 2025 के ओपनिंग वीकेंड ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। स्टार स्पोर्ट्स पर पहले 3 मैच 25.3 करोड़ की व्यूअरशिप आई है। ओपनिंग वीकेंड में इतनी व्यूअरशिप पहली बार आई है। 2,770 करोड़ मिनट का वॉच टाइम रहा है। जो पिछले साल की तुलना में 22% ज्यादा है।




जियोहॉटस्टार पर पहले 3 मैचों में 137 करोड़ व्यूज आए जियोहॉटस्टार पर इन 3 मैचों में 137 करोड़ व्यूज आए हैं। डिजिटल प्लेटफार्म पर ओपनिंग वीकेंड में इतनी व्यूअरशिप पहली बार आई है। यह पिछले सीजन की तुलना में 40त्र ज्यादा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इन मैचों का वॉच टाइम 2,186 करोड़ मिनट है।

इन 3 मैचों का डिजिटल और टीवी प्लेटफार्मों पर 5 हजार करोड़ मिनट का वॉच टाइम रहा। वॉच टाइम पिछले सीजन के ओपनिंग वीकेंड से 33% ज्यादा का है।

IPL 2025- 12 भाषाओं में टेलीविजन व डिजिटल स्ट्रीमिंग हो रही IPL 2025 में सभी मैच 25 से अधिक फीड्स और 12 भाषाओं में टेलीविजन व डिजिटल स्ट्रीमिंग पर उपलब्ध हैं। इस सीजन में 170 से अधिक एक्सपर्ट्स IPL की जानकारी दे रहे हैं। जिसमें IPL चैंपियंस, वर्ल्ड कप विजेता और दिग्गज क्रिकेटर्स शामिल हैं।

टीवी पर इंग्लिश के अलावा, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में कवरेज उपलब्ध होगी। वहीं, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 12 भाषाओं (इंग्लिश, हिंदी, मराठी, हरियाणवी, बंगाली, भोजपुरी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती और पंजाबी) में लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही है।

ओपनिंग सप्ताह में 3 मैच खेले गए सीजन का पहला मैच 22 मार्च (शनिवार) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। इसमें बेंगलुरु ने कोलकाता को 7 विकेट से हराया था। 23 मार्च (रविवार) को सीजन का पहला डबल हेडर खेला गया। दिन के पहले मैच में हैदराबाद ने राजस्थान को हराया। दूसरे मैच में चेन्नई ने मुंबई को हराया।

जियोहॉटस्टार के भुगतान करने वाले यूजर्स की संख्या 10 करोड़ के पार हुई जियोसिनेमा और डिज्नी+ हॉटस्टार के मर्जर से बने जियोहॉटस्टार ने 10 करोड़ भुगतान करने वाले यूजर्स का आंकड़ा पार कर लिया है। पिछले साल रिलायंस इंडस्ट्रीज और डिज्नी ने अपने मीडिया कारोबार को मिलाकर संयुक्त उद्यम बनाया था। इसके तहत डिज्नी ने भारत में अपनी स्ट्रीमिंग सेवाएं रिलायंस को बेच दी।

जियो स्टार ने नया प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार बनाया जियो स्टार ने पिछले महीने एक नया OTT प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार लॉन्च किया था। यह प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार के मर्जर से बना है। अब यूजर्स को जियो सिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार दोनों ही प्लेटफॉर्म के कंटेंट एक ही जगह पर देखने को मिल रहे हैं।

# श्रेयस-ईशान को मिल सकता है BCCI का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट

## पिछले साल बाहर कर दिया गया था; आज गुवाहाटी में बैठक

श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की BCCI के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो सकती है। पिछले साल दोनों को BCCI के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 से बाहर किया गया था।

अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में एंट्री पर अपनी मुहर लगा चुके हैं। वहीं, ईशान ने IPL के अपने पहले मैच में 106 रन की पारी खेलकर वापसी के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है।

29 मार्च को BCCI के सचिव देवजीत सैकिया, टीम के चयनकर्ता अजित अगरकर और कोच गौतम गंभीर गुवाहाटी में इस पर चर्चा कर सकते हैं।

भारतीय टीम से जुड़े एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा कि अय्यर फिर से कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने वाले हैं और वह भी टॉप कैटेगरी में। वहीं, ईशान किशन के लिए अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है और अनुबंध में उनकी वापसी पर कोई पक्का निर्णय नहीं लिया गया है। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में करीब 49 की औसत से बनाए रन अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5 पारियों में 79.41 के स्ट्राइक रेट से 243 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो अर्धशतक भी लगए थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली थी। वे टूर्नामेंट के दूसरे टॉप स्कोरर रहे थे।



रोहित, विराट और जडेजा ग्रेड A+ में बरकरार वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा A+ में बरकरार रहेंगे। ये तीनों पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह भी A+ ग्रेड में बने रहेंगे। अभिषेक, नीतीश और वरुण पहली बार BCCI कॉन्ट्रैक्ट में हो सकते हैं शामिल अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी और और वरुण चक्रवर्ती पहली बार BCCI के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल हो सकते हैं। वरुण ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 9 विकेट लिए थे। नीतीश ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। वहीं, अभिषेक शर्मा ने 2024-25 के खेले 12 टी-20 इंटरनेशनल में 200.48 की स्ट्राइक से 411 रन बनाए है।

# अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के किया क्वालिफाई, लियोनल मेसी खेलेंगे!



पिछली बार फीफा वर्ल्ड कप 2022 का खिताब अर्जेंटीना ने जीता था और तब इस टाइटल को दिलाने में लियोनल मेसी का अहम रोल रहा था। उन्होंने तब कुल 7 गोल किए और अर्जेंटीना के लिए सबसे बड़े हीरो साबित हुए थे। वह अभी तक पांच फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुके हैं और अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वह आगामी फीफा वर्ल्ड कप में खेलेंगे या नहीं। फीफा वर्ल्ड कप 2026 की मेजबानी कनाडा, यूनाइटेड स्टेट और मैक्सिको को मिली है। पिछली बार फीफा वर्ल्ड कप 2022 का खिताब अर्जेंटीना ने जीता था और तब इस टाइटल को दिलाने में लियोनल मेसी का अहम रोल रहा था। उन्होंने तब कुल 7 गोल किए और अर्जेंटीना के लिए सबसे बड़े हीरो साबित हुए थे। वह अभी तक पांच फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुके हैं और अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वह आगामी फीफा वर्ल्ड कप में खेलेंगे या नहीं। उनकी उम्र अभी 27 साल है और अगले साल तक वह 38 साल के हो जाएंगे। अर्जेंटीना ये साबित कर रहा है। अगर स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी किसी भी कारण से 2026 वर्ल्ड कप में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो भी वह जीत सकता है। अर्जेंटीना ने अगले साल होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या होता है, अभी बहुत समय है। हमें एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो हम पूरे साल एक हीबात के बारे में बोलते रहेंगे। हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए, हम देखेंगे।

# कर्ज में डूबा पाकिस्तान.. इस बड़े टूर्नामेंट से हो गया बाहर



पाकिस्तान दुनिया भर में भीख मांगने की कगार पर आ गया है। वहीं आर्थिक स्थिति और बढ़ते कर्ज के कारण पाकिस्तान को हमेशा दुनिया के सामने बेइज्जत होना पड़ता है। पाकिस्तान का कर्ज लगातार बढ़ रहा है, पिछले साल कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि पाकिस्तान पर 271.2 बिलियन डॉलर का कर्ज हो चुका है। अब पाकिस्तान से एक और ऐसी ही खबर सामने आई है, जिससे दुनिया के सामने उसकी एक बार फिर बेइज्जती हो रही है। दरअसल, मलेशियाई हॉक महासंघ ने बकाया कर्ज के कारण इस साल होने वाले अजलन शाह कप के लिए पाकिस्तान को आमंत्रित ही नहीं किया है। पाकिस्तान हॉकी टीम पिछले साल हुए इस टूर्नामेंट में फाइनल तक पहुंचा था। जहां वह हार गया था। पिछले साल की उपविजेता टीम को इस बार बकाया कर्ज के कारण टूर्नामेंट से बुलावा ही नहीं आया। पाकिस्तान हॉकी महासंघ के एक सूत्र के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि, पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के एक पूर्व अधिकारी ने अजलन शाह कप के पिछले सीजन के दौरान कुछ गलत फैसले लिए थे, जिससे पीएचएफ एमएचएफ यानी मलेशियाई हॉकी महासंघ के कर्ज में डूब गया। मलेशियाई संघ के आयोजक इससे खुश नहीं थे इसलिए उन्होंने पिछले साल के उपविजेता पाकिस्तान को आगामी टूर्नामेंट के लिए बुलावा ही नहीं भेजा। सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के अधिकारी एमएचएफ के साथ इस विवाद को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि ये मामला सुलझा लिया जाएगा और इस हफ्ते के अंत में उन्हें भी आमंत्रण मिल जाएगा।

## व्यापार

# भारत का एक्सप्रेस पार्सल बाजार वित्त वर्ष 2029-30 तक 24-29 अरब शिपमेंट तक पहुंच जाएगा

**मुंबईः** भारत के 'एक्सप्रेस पार्सल बाजार में तेजी से बढ़ोतरी होने की उम्मीद है और वित्त वर्ष 2029-30 तक यह 24-29 अरब शिपमेंट तक पहुंच जाएगा। रेडसीर ने शुक्रवार को रिपोर्ट में कहा, इसकी प्रमुख वजह ई-कॉमर्स क्षेत्र का विस्तार, 'हाइपरलोकल और त्वरित वाणिज्य खंड का बढ़ना है। रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पार्सल बाजार के 10-11 अरब शिपमेंट तक पहुंचने का अनुमान है।

ई-कॉमर्स खंड की एक्सप्रेस पार्सल बाजार में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है, जिससे चालू वित्त वर्ष में करीब 4.8-5.5 अरब शिपमेंट होने का अनुमान है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के साझेदार मृगांक गुटगुटिया ने कहा, ''भारत का एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स बाजार एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है, जो डिजिटल अपनाने में वृद्धि और उपभोक्ताओं द्वारा ई-कॉमर्स के साथ अधिक सहज होने से प्रेरित है।



रिपोर्ट के अनुसार, पारंपरिक 'कूरियर चालू वित्त वर्ष में एक्सप्रेस पार्सल बाजार का करीब 17 प्रतिशत (लगभग दो अरब पार्सल) हिस्सा होगा और उसके वित्त वर्ष 2029-30 तक करीब सात प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है। इसके साथ ही, ई-कॉमर्स शिपमेंट जो वित्त वर्ष 2024-25 में 4.8-5.5 अरब शिपमेंट के लिए जिम्मेदार होगा और वित्त वर्ष 2029-30 तक इसके 15-16 अरब शिपमेंट तक पहुंचने की उम्मीद है।

# मुकेश अंबानी टॉप 10 से बाहर, रोशनी नाडर ने हासिल किया यह मुकाम

**बिजनेस डेस्कः** बिजनेस जगत में इस साल बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। Hurun Global Rich List 2025 के मुताबिक, भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी दुनिया के टॉप 10 सबसे अमीर लोगों की सूची से बाहर हो गए हैं। उनकी संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपए की कमी आई है, जिसका मुख्य कारण कंपनी पर बढ़ता कर्ज बताया जा रहा है। इस बीच टेस्ला के एलन मस्क 420 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उनकी नेटवर्थ में 82त्र की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है।





***रोशनी नाडर बनीं दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला***

HCL की रोशनी नाडर ने इस साल इतिहास रच दिया है। वह 3.5 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ दुनिया की टॉप 5 सबसे अमीर महिलाओं में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उनके पिता शिव नाडर ने HCLमें अपनी 47त्र हिस्सेदारी उन्हें स्थानांतरित कर दी है, जिससे उनकी संपत्ति में भारी इजाफा हुआ है।

***कौन-कौन है टॉप 10 में***

सन फार्मा के दिलीप सांघवी की संपत्ति में 21प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अब उनके पास 2.5 लाख करोड़ रुपए हैं और वह इस लिस्ट में चौथे स्थान पर आ गए हैं। विप्रो के अजीम प्रेमजी 2.2 लाख करोड़ रुपए के साथ पांचवें, कुमार मंगलम बिड़ला 2 लाख करोड़ रुपए के साथ छठे नंबर पर हैं। साइरस पूनावाला 2 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ संयुक्त छठे नंबर पर हैं। पिछले एक साल में उनकी नेटवर्थ में 8 फीसदी गिरावट आई है। बजाज ऑटो वाले नीरज बजाज 1.6 लाख करोड़ रुपए के साथ आठवें नंबर पर हैं जबकि रवि जयपुरिया और राधाकिशन दमानी 1.4 लाख करोड़ रुपए के साथ संयुक्त रूप से नौवें नंबर पर हैं। मुंबई में सबसे ज्यादा अरबपति हैं। टॉप 10 में से पांच अरबपति मुंबई से हैं। नई दिल्ली में दो अरबपति हैं। बेंगलुरु,अहमदाबाद और पुणे में एक-एक अरबपति हैं।

# क्विक कॉमर्स कंपनियों की बढ़ती लोकप्रियता से पारंपरिक किराना व्यवसाय पर खतरा

**नईदिल्ली।** देश में क्विक कॉमर्स कंपनियां देश में खरीदारी के अनुभव को तेजी से बदल रही हैं। पिछले साल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सभी किराना ऑर्डर में से दो-तिहाई से ज्यादा और 'ई-रिटेल' खर्च का दसवां हिस्सा क्विक कॉमर्स से जुड़ी कंपनियों के प्लेटफॉर्म पर हुआ। फ्लिपकॉर्ट और बेन एंड कंपनी की एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2030 तक फटाफट सामान पहुंचाने वाली इन क्विक कॉमर्स कंपनियों में सालाना 40 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इसकी बढ़ोतरी को अलग-अलग कैटेगरी और कस्टमर सेगमेंट में विस्तार से गति मिलेगी। हालांकि, इससे ये भी साफ है कि देश में किराना दुकानदारों के भविष्य पर भी तेजी से संकट बढ़ता जा रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया, ''फटाफट सामान पहुंचाने (30 मिनट से कम समय में डिलिवरी) की सुविधा शुरू होना पिछले दो सालों में देश के ई-रिटेल मार्केट की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक रहा है।'' देश की क्विक कॉमर्स कंपनियां ग्लोबल ट्रेंड को पीछे छोड़ते हुए तेजी से आगे बढ़ी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ''इन कंपनियों में तेज ग्रोथ का मुख्य कारण उच्च जनसंख्या घनत्व और कम किराये वाले 'डार्क स्टोर' यानी पूरी तरह से ऑनलाइन ऑर्डर को पूरा करने वाले खुदरा दुकानों के नेटवर्क तक करीबी पहुंच शामिल हैं। इस क्षेत्र ने कई कंपनियों को आकर्षित किया है, जिसने उपभोक्ता मूल्य प्रस्ताव को समृद्ध किया है। वैसे फटाफट सामान पहुंचाने की सुविधा की शुरुआत किराने के सामान से हुई थी। लेकिन अब इसके सकल वस्तु मूल्य या जीएमवी का 15 से 20 प्रतिशत सामान्य वस्तुएं, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स और परिधान जैसी कैटेगरी से आता है।

दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों के अलावा छोटे शहरों में हो रहे विस्तार ने भी क्विक कॉमर्स कंपनियों की ग्रोथ को रफ्तार दी है। हालांकि, अब भी जीएमवी का बड़ा हिस्सा टॉप 6 शहरों से आता है। भारत में 2025 में ऑनलाइन खरीदारी पर रिपोर्ट में कहा गया है कि देश पिछले एक दशक में रिटेल सेक्टर में बड़ा केंद्र बन गया है और 2024 में वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा खुदरा बाजार बन गया है। भारतीय ई-रिटेल बाजार का सकल वस्तु मूल्य लगभग 60 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। ऑनलाइन खरीदारी के लिहाज से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। हालांकि, निजी खपत में कमी से 2024 में ई-रिटेल क्षेत्र में वृद्धि 20 प्रतिशत के ऐतिहासिक उच्चस्तर से 10 से 12 प्रतिशत पर आ गयी। एक अनुमान के अनुसार, ई-रिटेल खंड अगले छह साल में 18 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 170 से 190 अरब डॉलर जीएमवी पर पहुंच सकता है।

# बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 77,414 के स्तर और निफ्टी 23,519 पर हुआ बंद

**मुंबईः** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 191 अंक नीचे 77,414 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 72 अंक की गिरावट रही, ये 23,519 के स्तर पर क्लोज हुआ। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 2.09प्रतिशत, हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.78प्रशित और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.67प्रतिशत की गिरावट है। मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने 6,367 करोड़ रुपए के नेट शेयर खरीदे। वहीं घरेलू निवेशकों ने इस दौरान 29,939.19 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की।

# जरूरी दवाइयों की कीमतों में 1 अप्रैल से होगी बढ़ोतरी

**नईदिल्ली।** 4 दिन बाद मरीजों को करोड़ों का झटका लगने वाला है. अगर आप नियमित रूप से दवाओं का इस्तेमाल करते हैं, तो 1 अप्रैल से आपकी दवा की लागत बढ़ने वाली है. राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने आवश्यक दवाओं की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया है, जिससे आम आदमी की जेब पर असर पड़ेगा.

दरअसल,सरकार ने दवाओं की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए कई महत्वपूर्ण दवाओं को प्राइस कंट्रोल लिस्ट में शामिल किया है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस पहल से मरीजों को हर साल लगभग 3,788 करोड़ रुपये की बचत होती है. हालांकि, अब इन नियंत्रित दवाओं के दाम बढ़ने की संभावना जताई जा रही है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और एंटीबायोटिक्स जैसी आवश्यक दवाओं की कीमतों में 1.7त्र तक की वृद्धि हो सकती है. यह बढ़ोतरी नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी द्वारा तय की जाती है, जो देश में दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने का काम करती है. इस कदम से दवा कंपनियों को राहत मिलेगी, क्योंकि उन्हें उत्पादन लागत में हो रही बढ़ोतरी से जूझना पड़ रहा था. हालांकि, मरीजों के लिए यह अतिरिक्त वित्तीय बोझ बन सकता है, जिससे उनकी दवाओं पर होने वाला खर्च बढ़ जाएगा. आइए जानते हैं किन दवाईयों की कीमतें बढ़ जाएंगी.



जो दवाएं राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची में शामिल हैं, उनकी कीमतें बढ़ेंगी. इसमें एंटीबायोटिक्स, पेन किलर, हृदय रोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं शामिल हैं. सरकार के इस फैसले से जिन लोगों को नियमित रूप से दवाओं की जरूरत होती है, उनके मासिक खर्च में वृद्धि होगी. बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए मुश्किलें. कई वरिष्ठ नागरिक और क्रॉनिक बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को अधिक पैसे खर्च करने पड़ेंगे.हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम में बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे प्रीमियम दरें बढ़ने की संभावना है. यह पहली बार नहीं है जब दवाओं की कीमतें बढ़ाई जा रही हैं. 2023 में भी NPPA ने 12प्रतिशत तक की वृद्धि की थी, जिससे पहले से ही महंगाई से जूझ रहे लोगों को अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ा था.

## मुख्यमंत्री ने ली गृह विभाग की समीक्षा बैठक

# प्रदेश की सभी जेलों में नियमित एवं औचक तलाशी अभियान चलाया जाए - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



» मुख्यमंत्री निवास पर गृह विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री शर्मा

### जेलों में अवांछित सामग्री मिलने पर जेल प्रशासन के विरुद्ध होगी सख्त कार्यवाही

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी जेलों को मजबूत एवं आधुनिक बनाने के लिए जेल विभाग को आवश्यकता अनुरूप सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर गृह विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जेल विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि जेल परिसर में अपराधियों द्वारा मोबाइल फोन इस्तेमाल की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रदेश की सभी जेलों में पुलिस और मजिस्ट्रेट द्वारा नियमित एवं औचक तलाशी अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जेलों में अवांछित सामग्री मिलने पर संबंधित जेल प्रशासन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने ऐसे प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कर जेल में अवैध सामग्री पहुंचाने वाले नेटवर्क में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

शर्मा ने प्रदेश की जेलों में आवश्यकता अनुरूप सीसीटीवी कैमरों की संख्या में वृद्धि करते हुए जेल परिसर में निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जेल परिसर में तैनात कार्मिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले गैजेट्स को भी परिसर से बाहर रखवाए जाने की व्यवस्था करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्मिकों को कार्यव्यवस्था के अनुसार समय-समय पर बदला भी जाए। उन्होंने चालानी गार्ड़ों को भी समय-समय पर बदलने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की जिन जेलों का स्थान परिवर्तन किया जाना है, उनके लिए शीघ्र कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने जेल परिसर में आधुनिक प्रणाली के मोबाइल जैमर लगाने सहित जेल प्रशासन में लम्बित चल रही अन्य विभागीय कार्यवाहियों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल परिसर में नवीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए, ताकि न्यायालय में अपराधी की पेशी वीसी के माध्यम से कराई जा सके।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेन्स संजय कुमार अग्रवाल, महानिदेशक जेल गोविन्द गुप्ता, पुलिस आयुक्त जयपुर बीजू जॉर्ज जोसफ एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा दिनेश एमएन सहित विभाग के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात

**केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने जैसलमेर व बाड़मेर में 1237 करोड़ रूपये के कार्यो की दी स्वीकृति**

**जयपुर, जोधपुर, उदयपुर रिंग रोड़ सहित विभिन्न परियोजनाओं की डीपीआर के काम अगले माह से शुरू होंगे**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर/ दिल्ली ।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में सकारात्मक चर्चा हुई।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री द्वारा राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 (कुल लंबाई 134.86 किलोमीटर) के मौजूदा कनेक्शन को मजबूत/चौड़ा करने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के म्याजलार-जैसलमेर खंड और मुनाबाव-तनोट के सुंदरा-म्याजलर-अंबासिंह की ढाणी रोड भाग से पक्की सड़क के साथ 2-लेन का मजबूत और चौड़ीकरण करने के लिए 1237.71 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है।

प्रस्तावित संरेखण राष्ट्रीय राजमार्ग-25 और राष्ट्रीय राजमार्ग-68 के साथ संपर्क स्थापित करेगा, और राष्ट्रीय राजमार्ग-70 से भी जुड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क में और वृद्धि होगी। यह परियोजना महत्वपूर्ण रणनीतिक महत्व रखती है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित है, जो सुरक्षा कर्मियों की सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से पहुंचने की क्षमता को बहुत बढ़ाएगी। यह परियोजना सड़क लोकप्रिय पर्यटन स्थल खुरी रेत के टीलों से भी होकर गुजरेगी और इससे मार्ग के किनारे स्थित अनेक गांवों को लाभ मिलेगा, तथा क्षेत्र के समग्र विकास और संपर्क में योगदान मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री ने बताया की केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया की जयपुर, जोधपुर और उदयपुर रिंग रोड आदि की डीपीआर के आदेश अगले महीने हो जाएंगे एवं राजस्थान के लिए आगामी वर्ष में 5 हजार करोड़ के कार्य वार्षिक योजना में लिए जाएंगे। इसके साथ ही सीआरआईएफ में भी राजस्थान को 1500 करोड़ रूपये की राशि मिलेगी। इसके अतिरिक्त भरतपुर रिंग रोड, एलिवेटेड रोड, एवं ब्रज चौरासी परिक्रमा, जयपुर जोधपुर पचपदरा रोड की डीपीआर का कार्य अगले महीने शुरू होगा।

उन्होने बताया की जयपुर सीकर रोड का कार्य तेज गति से होगा। साथ ही खाटू श्याम जी रिंग रोड एवं सुविधा विकसित करने के लिए डीपीआर के कार्य आदेश जल्द दिए जाएँगे। इसके अतिरिक्त जयपुर किशनगढ़ हाईवे के सुदृढ़ीकरण हेतु डीपीआर बनवाई जायेगी। उन्होने बताया की एनएचएआई द्वारा जयपुर दिल्ली पुराने हाईवे का कार्य जुलाई तक कर दिया जाएगा साथ ही शाहपुरा बाईपास के लिए डीपीआर के आदेश जल्द दिए जाएँगे। इसके अतिरिक्त देसूरी की नाल पर डीपीआर का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा तत्पश्चात कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

# भारत सरकार ने राजस्थान में डेयरी विकास के लिये अनुदान राशि में की तीन गुना बढ़ोतरी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** भारत सरकार ने राजस्थान राज्य में डेयरी विकास के लिये पिछले वर्ष की तुलना में अनुदान राशि में तीन गुना से भी अधिक की बढ़ोतरी की है। गांव से लेकर शहरों तक आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक दूध एवं दूध से बने उत्पाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्वता के चलते राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन ने भारत सरकार को राज्य की प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को सुदृढ़ बनाने के लिये 87.73 करोड़ रुपये की कार्य योजना प्रस्तुत की थी।

भारत सरकार ने आरसीडीएफ की कार्य योजना को ज्यों की त्यों स्वीकृत करने की सैद्वान्तिक स्वीकृति दे दी है। यह स्वीकृति केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी सचिव की अध्यक्षता में 26 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में दी जिसमें राजस्थान का प्रतिनिधित्व आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने किया।

बैठक में भारद्वाज ने राजस्थान राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण एवं दुग्ध संकलन में बढ़ोतरी के लिये 87.73 करोड़ रुपये की कार्य योजना पर विस्तृत प्रकाश डाला। आरसीडीएफ द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना पर भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी सचिव ने सैद्वान्तिक स्वीकृति दी। बैठक में भारत सरकार ने आरसीडीएफ द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये स्वीकृत की गई 17.84 करोड़ रुपये का त्वरित उपयोग कर राज्य के ग्रामीण स्तर तक डेयरी विकास कार्यक्रम पहुँचाने के प्रयासों की भी सराहना की गई।

श्रुति भारद्वाज ने बताया कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई उक्त राशि राज्य के 11 जिला दुग्ध संघों के क्षेत्राधिकार में प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों में उच्च गुणवत्तायुक्त दुग्ध संकलन एवं डेयरी विकास की अन्य गतिविधियों पर व्यय की जायेगी।

उक्त स्वीकृत राशि में आरसीडीएफ एवं सम्बद्व जिला दुग्ध संघों द्वारा 30.61 करोड़ रुपये का अंशदान शामिल है। स्वीकृत राशि से प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के लिये नये बल्क मिल्क कूलर और उच्च तकनीकयुक्त आधुनिकतम जांच उपकरण क्रय कर उपलब्ध कराये जायेंगे ताकि प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के स्तर पर ही दूध की गुणवत्ता में आशातीत सुधार होगा।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश में सीएनजी-पीएनजी सेवाओं के विस्तार के लिए गंभीर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** मेहसाना-भटिंडा ट्रंक पाइप लाइन से प्राकृतिक गैस सीएनजी पीएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पाली जिले के एसवी 4007 स्टेशन मारवाड जंक्शन से जोधपुर के काकानी तक 8 इंच व्यास की पाइप लाइन से गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

माइन्स एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि केन्द्र सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने राज्य सरकार के लगातार आग्रह पर पाइप लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए जीएसपीएल इण्डिया गैसनेट और एजीएण्डपी के बीच करार पर हस्ताक्षर हो गए हैं। उन्होंने बताया कि 8 इंच व्यास की करीब 83 किलोमीटर लंबी इस पाइप लाइन को बिछाने पर जीएसपीएल इण्डिया गैसनेट द्वारा 120 करोड़ रुपए व्यय किये जाएंगे।

प्रमुख सचिव माइन्स टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और पाइप लाइन से सीएनजी और पीएनजी उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लाने पर जोर देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि नई सरकार आने के बाद सीएनजी-पीएनजी की वेट दरों में दो बार कमी करने के साथ ही बजटीय घोषणा कर ढांचागत विकास और पीएनजी कनेक्शनों के सालाना लक्ष्य निर्धारित किये हैं।

टी. रविकान्त ने बताया कि एजीएण्डपी जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में पाइप लाइन से घरेलू उपयोग की प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराने के लिए अधिकृत है। इनके द्वारा क्षेत्र में पाइप लाइन ड़ालते हुए ढांचागत विकास, घरेलू पाइप लाइन से गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने और सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से सीएनजी उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एजीएण्डपी द्वारा अभी तक करीब 675 किलोमीटर दूरी से 12 से 14 क्रायोजेनिक टेंकरों के माध्यम से सीएनजी पीएनजी मंगवाई जा रही है।

एजीएण्डपी द्वारा इस समय करीब एक लाख से एक लाख एससीएमडी गैस एलसीएनजी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए टेंकरों को गुजरात के 7 और राजस्थान के 3 जिलों में होते हुए टेंकर लाने होते थे। इतनी दूर से प्राकृतिक गैस लाने में दूरी के साथ ही संभावित दुर्घटना आदि की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार पीएनजीआरबी पर लगातार जोधपुर को गैस लाइन से जोड़ने का आग्रह करती आ रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और राज्य सरकार के अनवरत प्रयासों से स्वीकृति मिलने के साथ ही पिछले दिनों एजीएसपीएल इण्डिया गैसनेट और एजीएण्डपी के बीच करार हस्ताक्षरित हो गया है।

निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा ने बताया कि स्टील स्पर पाइप लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र ही आरंभ हो सकेगा और पाइप लाइन बिछाकर काकानी तक गैस पहुंचाने के काम में 24 से 30 माह लगने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सीजीडी संस्थाओं के साथ समन्वय बनाते हुए पाइप लाइन से घरेलू गैस और सीएनजी स्टेशनों से सीएनजी उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए ढांचागत विकास में तेजी लाने के लिए संस्थाओं व संबंधित विभागों के बीच भी समन्वय बनाया जा रहा है।

# राजस्थान दिवसः जनता के टैक्स के पैसे को बर्बाद कर रही भजन लाल सरकार- अशोक गहलोत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान दिवस के सरकारी कार्यक्रमों को लेकर भजनलाल सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सरकार पर जनता के टैक्स के पैसे को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार शिक्षा के प्रति कितनी उदासीन है, यह बजट में कटौती से स्पष्ट है।

गहलोत ने कहा कि पिछले बजट में सरकारी स्कूलों के विकास के लिए घोषित राशि को भी सरकार ने रोक दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 250 करोड़ रुपये के बजट में से केवल 17त्न राशि स्कूलों तक पहुंची है, जबकि 83त्न राशि सरकार ने रोक ली है। गहलोत ने कहा कि सरकारी स्कूलों में गरीब, किसान और मजदूर के बच्चे पढ़ते हैं, और उनके प्रति भाजपा की उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण है। गहलोत ने सरकार द्वारा राजस्थान दिवस के नाम पर पूरे प्रदेश में घूम-घूम कर जनता के टैक्स के पैसे को बर्बाद करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस उनके कार्यकाल में भी अच्छे से मनाया जाता था, लेकिन सरकार इस कार्यक्रम का दुरुपयोग कर रही है। गहलोत ने सरकार पर शिक्षा के प्रति उदासीन होने और जनता के पैसे को बर्बाद करने का आरोप लगाकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार को गरीब बच्चों की शिक्षा की परवाह नहीं है, और वह केवल दिखावे के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रही है। गहलोत के इन आरोपों ने राजस्थान की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। सरकार को अब इन आरोपों का जवाब देना होगा।

# राजस्थान गैस कार्मिकों ने प्रदेश के विकास और खुशहाली में सक्रिय भागीदारी की ली शपथ

### एमडी रणवीर सिंह ने वर्चुअली दिलाई शपथ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर ।** राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के जयपुर, कोटा, नीमराना के अधिकारियों और कार्मिकों ने राजस्थान दिवस समारोह कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को प्रदेश के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदारी की शपथ ली। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने अधिकारियों व कार्मिकों को वर्चुअली शपथ दिलाई। डीजीएम विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्थान दिवस सप्ताह पर्यंत उत्सव के तहत 28 मार्च को राज्य सरकार द्वारा सभी कार्मिकों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है।

आरएसजीएल जयपुर में डीजीएम विवेक श्रीवास्तव, मुख्य वित अधिकारी दीप्तांशु पारीक, उप प्रबंधक आईटी गगनदीप राजोरिया, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, अजय चौहान, शुभम शर्मा, मनोज, दामोदर शर्मा और मनीष ने शपथ ली। कोटा से डीजीएम सीपी चौधरी व अन्य कार्मिक और नीमराना से अतुल शुक्ला सहित कार्मिकों ने वर्चुअल मोड पर शपथ ली। आरएसजीएल कार्मिकों ने राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान व निर्वहन, समृद्ध, स्वस्थ्य, हरित और आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने, महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्ग के सम्मान और सशक्तिकरण के साथ ही विरासत व विकास भी की भावना के साथ निष्ठा और नवाचार की अपेक्षा के साथ संकल्पबद्ध रहने की शपथ ली।

# आरटीआई की 15 दिन में सूचना नहीं दी तो जेडीए अफसर सजा भुगतने को तैयार रहें - मुख्य सूचना आयुक्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराए जाने के लिए राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त एम. एल. लाठर ने शुक्रवार को जेडीए अधिकारियों को जोरदार फटकार लगाई। आयुक्त ने कहा कि परिवादी को 15 दिन के अंदर मांगी गई समस्त सूचना की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाए। प्रकरण की अगली सुनवाई 22 अप्रैल, 2025 को तय की गई है।

गिरिराज अग्रवाल बनाम लोक सूचना अधिकारी जेडीए प्रकरण की सुनवाई करते हुए मुख्य सूचना आयुक्त ने जेडीए की ओर से प्रस्तुत किए गए जवाब को अमान्य कर दिया। मुख्य सूचना आयुक्त लाठर ने कहा कि जेडीए ने जवाब में संबंधित प्रकरण की फाइल 9 जनवरी, 2025 को राज्य सरकार को भिजवाया जाना बताया है, जबकि आयोग ने इस मामले में फैसला 27 जून, 2024 को ही सुना दिया था कि प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराई जाए। इस तरह 6 माह से अधिक समय तक फाइल जेडीए में ही रही, फिर आयोग के फैसले का पालन क्यों नहीं किया गया।

मुख्य सूचना आयुक्त लाठर ने कहा कि प्रकरण के तथ्यों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि इसमें बदमाशी हुई है। लेकिन, जब कोर्ट की कार्यवाही चल रही है तो फाइल मंत्री अथवा राज्य सरकार के पास लंबित होने के कारण सूचना दिया जाना संभव नहीं बताकर जेडीए जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। उन्होंने जेडीए के अधिकारी को स्पष्ट तौर पर चेताया कि यदि आगामी 15 दिन में आयोग के फैसले का पालन नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों को सजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

बता दें कि प्रार्थी गिरिराज अग्रवाल द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जेडीए के जोन संख्या 1 से दो बिंदुओं पर सूचना मांगी गई थी। इनमें पहला बिंदु 15 एकड़ भूमि ग्राम झालाना डूंगर तहसील सांगानेर की भूमि जो अनाथ आश्रम बनाने के लिए अवाप्ति से मुक्त की गई थी, जिसमें आधे हिस्से को बेचने से पहले भू उपयोग औद्योगिक से बदलकर मिश्रित उपयोग करवाने के लिए पुष्पा जयपुरिया ट्रस्ट ने आवेदन किया हुआ है, उस संपूर्ण पत्रावली की मय नोटशीट कॉपी उपलब्ध कराई जाए।

इसी तरह बिंदु संख्या 2 में 12 एकड़ भूमि ग्राम मानपुर देवरी, तहसील सांगानेर, जो कैपस्टन मीटर्स जयपुर को फैक्ट्री लगाने के लिए अवाप्ति से मुक्त की गई थी, उसका भू उपयोग औद्योगिक से बदलकर कॉमर्शियल किए जाने से संबंधित आवेदन और संपूर्ण फाइल की मय नोटशीट कॉपी उपलब्ध कराई जाए।

रोचक तथ्य यह है कि जेडीए की ओर से आरटीआई आवेदन, प्रथम अपील, द्वितीय अपील प्रस्तुत होने पर आयोग के नोटिस, द्वितीय अपील में आयोग के फैसले के बाद भी सूचना उपलब्ध नहीं कराई। यहां तक कि शुरुआती कई पेशियों पर तो जेडीए की ओर से ना तो कोई जवाब दिया गया और ना ही कोई अधिकारी उपस्थित हुआ।

उत्तर पश्चिम रेलवे
विज्ञापन सूचना
वर्ष 2025–26 एवं 2026–27 के लिये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जयपुर द्वारा जयपुर मण्डल के रेलवे अस्पतालों के लिए खुदरा औषधि विक्रेताओं के निम्न कार्य के लिये IREPS पर टेन्डर आवेदन निर्धारित शर्तों पर आमन्त्रित किये जाते हैं। सं.: Med/185/Empanelment/JP DIV/2025-26 दिनांक: 28.03.2025 कार्य का विवरण एवं अवधि: उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल के रेलवे अस्पतालों के लिये प्रतिदिन औषधियों की खरीद हेतु खुदरा औषधि विक्रेताओं को निर्धारित शर्तों एवं नियमों के अनुसार वर्ष 2025–26 एवं 2026–27 के लिए पंजीकृत करना। कार्य की अवधि वर्षों में: 02 अनुमानित कुल लागत: लगभग 25 लाख जो कि पैनलों में अनुपातिक रूप से बांटी जाएगी। IREPS पर टेन्डर आवेदन भरने की अन्तिम तिथि एवं समय: दिनांक 10.05.2025 को 13.00 बजे तक। टेन्डर खुलने की तिथि: दिनांक 10.05.2025 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय जयपुर में। आवेदन प्रपत्र उत्तर पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
370-PM/25

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई–निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। निविदा संख्या : एस.एण्ड.टी.–बी.के.एन. ईटी–305–R कार्य का नाम व स्थान : बीकानेर मंडल के हिसार–सादुलपुर खंड पर किमी 29.350 पर LC-23 के स्थान पर ROB की व्यवस्था के लिए S&T से संबद्ध कार्य। अनुमानित लागत मूल्य : रु. 3265791.43 बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.में) : 65300.00 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय : 24.04.2025 को 15.00 बजे तक वेब साइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है
www.ireps.gov.in
369-DR/25
NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# उम्र के साथ बदलती प्राथमिकता



**एसके मंगल**

चालीस साल की अवस्था में उच्च शिक्षित और अल्प शिक्षित एक जैसे ही होते हैं। क्योंकि अब कहीं इंटरव्यू नहीं देना, डिग्री नहीं दिखानी।? पचास साल की अवस्था में रूप और कुरूप एक जैसे ही होते हैं। आप कितने ही सुन्दर क्यों न हों झुर्रियां, आँखों के नीचे के डार्क सर्कल छुपाये नहीं छुपते हैं। साठ साल की अवस्था में उच्च पद और निम्न पद एक जैसे ही होते हैं। चपरासी भी अधिकारी के सेवा निवृत्त होने के बाद उनकी तरफ़ देखने से कतराता है। सत्तर साल की अवस्था में बड़ा घर और छोटा घर एक जैसे ही होते हैं। बीमारियां और खालीपन आपको एक जगह बैठे रहने पर मजबूर कर देता है, और आप छोटी जगह में भी गुज़ारा कर सकते हैं। अस्सी साल की अवस्था में आपके पास धन का कम होना या ज्यादा होना एक जैसे ही होते हैं। अगर आप खर्च करना भी चाहें, तो आपको नहीं पता कि कहां खर्च करना है। नब्बे साल की अवस्था में सोना और जागना एक जैसे ही होते हैं। जागने के बावजूद भी आपको नहीं पता कि क्या करना है। जीवन को सामान्य रुप में ही लें क्योंकि जीवन में रहस्य नहीं हैं जिन्हें आप सुलझाते फिरें। आगे चल कर एक दिन सब की यही स्थिति होनी है, यही जीवन की सच्चाई है। चैन से जीने के लिए चार रोटी और दो कपड़े काफ़ी हैं... पर, बेचैनी से जीने के लिए चार गाड़ी, दो बंगले और तीन प्लॉट भी कम हैं!! उम्र बढ़ने के साथ ज़रूरतें सीमित होने के कई कारण हो सकते हैं, जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक पहलुओं से जुड़े हैं। शारीरिक रूप से, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर की ऊर्जा और सक्रियता कम हो सकती है। युवावस्था में जहां शारीरिक गतिविधियों, करियर बनाने या नई चीज़ें सीखने की ज़रूरतें प्रबल होती हैं, वहीं बढ़ती उम्र में स्वास्थ्य और आराम की ओर ध्यान जाता है। उदाहरण के लिए, एक बुजुर्ग व्यक्ति को शायद भारी भोजन या लगातार यात्रा की उतनी आवश्यकता न लगे जितनी एक युवा को होती है। अनुभव के साथ लोग अपनी प्राथमिकता बदलते हैं। जो पहले महत्वपूर्ण लगती थीं। जैसे सामाजिक मान्यता या लग्ज़री वो उम्र के साथ कम मायने रखने लगती हैं। लोग अक्सर सादगी और संतुष्टि की ओर बढ़ते हैं, जिससे उनकी चाहतें कम हो जाती हैं।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राजस्थान में नवकार कलश यात्रा का शुभारंभ



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बुंदी।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस (09 अप्रैल) के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राजस्थान में नवकार कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ है। यह दिव्य यात्रा विश्व में शांति, सौहार्द और सामंजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। नवकार मंत्र किसी एक धर्म तक सीमित न होकर गुण प्रधान है और समस्त जीवों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। आज यह पावन *नवकार कलश यात्रा हमारे बूंदी नगर* में निकली इस पावन अवसर पर सभी जैन समाज के श्रद्धालु दुपहिया वाहन रैली के साथ यात्रा में शामिल हुए और इस दिव्य आयोजन को और भव्य बनाया प्रातः 9:45 बजे चौगान मंदिर बूँदी से यात्रा आरम्भ हो कर देवपुरा जैन मंदिर ख़त्म हुई ,इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन, संरक्षक ओम प्रकाश बड़जात्या, त्रिलोक चंद जैन ,सचिव महावीर जैन ,महावीर जयंती सयोजक ओम प्रकाश ठग, सह संयोजक प्रकाश महात्मा ,कार्यक्रम संयोजक आदित्य भंडारी , बीजेएस अध्यक्ष सुमन कासलीवाल , सुनील जैन , नवीन गंगवाल, प्रताप छाजेड , पदम जैन,अशोक भंडारी, शकुंतला भंडारी , कांता छाजेड, शांता बुलिया, राजेंद्र छाबड़ा उपस्थित थे।

# जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति का किया निरीक्षण



## निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने शुक्रवार को शहर में चल रहे जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति का निरीक्षण लिया। उन्होंने नाले के निर्माण में आ रहे अवरोधों को हटाने और गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आरयूआईडीपी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता के.के.नटानी भी साथ रहे। जिला कलक्टर ने मीरां गेट, महावीर कॉलोनी एवं पुलिस लाइन क्षेत्र में नाले के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में नियोजित टीमों की संख्या में इजाफा किया जाए। इस दौरान, जिला कलक्टर ने नाले के निर्माण में आ रही समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति निरीक्षण के बाद जिला कलक्टर ने नगर परिषद और आरयूआईडीपी के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जैतसागर झील के गेटों से हो रहे पानी के रिसाव की रोकथाम के लिए उचित कार्यवाही की जाए। नाला निर्माण के दौरान पीसीसी का कार्य पहले कर लिया जाए, ताकि बरसात के मौसम के दौरान भी कार्य को जारी रखा जा सके। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जाखमुंड पम्प हाऊस से आने वाले पेयजल की आपूर्ति निरंतर जारी रखी जावें, ताकि गर्मियों में आमजन को पेयजल संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। सभी पम्प क्षमता के अनुसार कार्य करें, इसकी अभी से सुनिश्चितता कर ली जावें। बैठक में आरयूआईडीपी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता के.के.नटानी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार शर्मा, नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कुंवारती मंडी में खरीद व्यवस्था का जिला कलक्टर ने किया औचक निरीक्षण



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** कुंवारती कृषि उपज मंडी में की जा रही समर्थन मूल्य पर फसल खरीद व्यवस्था का शुक्रवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एफसीआई और मंडी अधिकारियों को खरीद से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि मंडी में छाया और पानी के उचित प्रबंध रहे और खरीद के लिए पंजीकरण की व्यवस्था सुचारू रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि एफसीआई द्वारा संचालित खरीद केन्द्रों पर स्टाफ की संख्या में बढोत्तरी की जाए। साथ ही एफसीआई के अधिकारियों को प्रतिदिन खरीद क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला रसद अधिकारी शिवजी राम जाट, मंडी सचिव क्रांति कुमार मीणा, प्रबंधक गुण नियंत्रण चक्रधर पांडे, किस्म निरीक्षक त्रिलोक नागर एवं बाबूलाल कुशवाह मौजूद रहे।

# अवकाश के दिनों में खुला रहेगा परिवहन कार्यालयः समस्त कार्य किए जाएंगे संपादित

**हिन्दुस्तान एक्सप्रेस/ बारां।** जिला परिवहन अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा ने बताया कि मार्च महीना अंतिम चरण में है। सभी वाहन डीलर्स, विक्रेता, मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1951 की धारा 4 (1) डी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वाहनों की बिक्री के विरूद्ध अपना मोटर वाहन कर 31 मार्च 2025 तक आवश्यक रूप से जमा करा दें। अन्यथा नियमानुसार देय शास्ति जुर्माने के साथ स्थायी और अस्थायी पंजीकरण अवरुद्ध कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि 29 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 तक जिला परिवहन कार्यालय खुला रहेगा तथा वाहनों संबंधित समस्त कार्य संपादित किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया वर्चुअल संवाद, 10 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण

## जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने पंच गौरव पुस्तिका का किया विमोचन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बारां।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत राज्य सरकार द्वारा शुक्रवार को विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री श्री ओटाराम देवासी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद बारां के प्रथम तल हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से संवाद किया और प्रदेश में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ, ई-उपचार एप का लॉन्च, हरित अरावली विकास परियोजना, फायर एनओसी प्रक्रिया का सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी गठन, राशन दुकानों में अन्नपूर्णा भंडार योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की।

ओटाराम देवासी ने दिया सुशासन का संदेश

इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री श्री ओटाराम देवासी ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण और सुशासन के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई योजनाएं जनता को राहत देने और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक साबित होंगी। श्री देवासी ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए तत्परता से कार्य करें।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सहायता राशि वितरित की गई। साथ ही, प्रभारी मंत्री ने पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर विधायक राधेश्याम बैरवा, विधायक डॉ. ललित मीणा, विधायक कंवर लाल मीणा, जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम के पूर्व, राजस्थान दिवस सप्ताह पर्यन्त उत्सव के तहत 28 मार्च को प्रातः 10 बजे सभी राजकीय कार्यालयों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक रूप से राजस्थान को समृद्ध, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने की शपथ दिलाई गई।

# जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सी.एल.प्रेमी की अध्यक्षता में हुई आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बूंदी की बैठक 28 मार्च शुक्रवार को 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सी.एल.प्रेमी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रवक्ता प्रेम शंकर बैरवा ने बताया कि बैठक में पंचायत राज व शहरी क्षेत्रों में हो रहे परिसीमन को लेकर बुलाई गई थी जिसमें सभी कार्यकर्ता 30 मार्च से 30 अप्रैल तक अपने अपने क्षेत्र की आपत्तियां संबंधित उपखंड कार्यालय में दे सकते है। बैठक में पूर्व मंत्री हिंडोली विधायक अशोक चांदना ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी पंचायतराज और शहरी निकाय चुनाव में अभी से लग जाए। परिसीमन किसी भी स्थिति परिस्थिति में हो जीत आपकी ही निश्चित है। विधायक हरि मोहन शर्मा ने कहा कि हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहे।प्रभारी सचिव प्रतिष्ठा यादव ने परिसीमन को लेकर प्रदेश कांग्रेस की ओर से जारी परिपत्र के बारे विस्तृत रूप से बताया। जिलाध्यक्ष एवं विधायक सी. एल.प्रेमी बैरवा ने कहा कि जिले में कांग्रेस बहुत मजबूत है और आगामी चुनावों में और अधिक मजबूती से लड़ने की आवश्यकता है क्योंकि यह चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव होता है।बैठक का संचालन प्रवक्ता प्रेम शंकर बैरवा ने किया।बैठक को जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर,प्रदेश सचिव आनंदी लाल मीणा, प्रदेश सचिव गुड्डू कादरी,प्रदेश कांग्रेस सदस्य सत्येश शर्मा,प्रदेश कांग्रेस सदस्य चरमेश शर्मा,युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव जितेंद्र शर्मा,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव लोचन गौतम,जिला उपाध्यक्ष चेतराम नागर, महासचिव चेतराम मीणा,रामलाल गोचर,जिला कोषाध्यक्ष जय कुमार बैरवा,प्रवक्ता जगरूप सिंह रंधावा,ब्लॉक अध्यक्ष राम किरण मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण बैरवा,ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौर, पार्षद देवराज गोचर,प्रेम प्रकाश एवरग्रीन,सेवादल मुख्य संघठक राज कुमार सैनी,कर्मचारी नेता रविन्द्र चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार मीणा,प्रहलाद गोचर,सहित अन्य नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता आगामी पंचायत राज एवं शहरी निकाय चुनावों में हर परिस्थिति का सामना करते हुए सांप्रदायिक ताकतों का मुकाबला करने में सक्षम है।बैठक में मंडल अध्यक्ष बाबू लाल बैरवा,सरपंच राजकुमार मीणा,अशोक मीणा,पूर्व प्रधान राम नारायण बैरवा, पूर्व प्रधान मधु वर्मा,कांग्रेशनेता मुकेश दाधीच,वासुदेव नागर,वीरेंद्र लाटाला,शिवम गुर्जर,रिंकू पठान,वक्फ बोर्ड चेयरमैन इकरामुद्दीन बबलू,यासीन कुरैशी, डॉक्टर जुनैद अख्तर,देवकिशन मीणा,उपप्रधान रामहेत बैरवा,अमृत लाल गुर्जर,मुरली मीणा,निखिल सोनी, जिशान अली, आनंद सनाढ्य, भेरू लाल बैरवा, जितेंद्र जारवाल,अरविंद भूतिया, सरपंच महावीर मीणा,प्रवीण पटौदी,बाबू लाल मेघवाल, तस्सद्दुक हुसैन बोहरा,अरुण मीणा सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। यह जानकारी प्रवक्ता प्रेम शंकर ने दी।

# चेटीचंड महोत्सव कार्यक्रमो का निर्माणाधीन स्व. किशनी गुलाबवानी भवन पर आयोजिन किये गये

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** सिंधी समाज सेवा समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चेटीचंड्र महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है कार्यक्रमों की श्रृंखला में सिंधी समाज द्वारा निर्माणाधीन स्व. किशनी गुलाबवानी भवन पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ में भगवान झूलेलाल जी की प्रतिमा पर सिंधी समाज के वरिष्ठ गोकुलदास नेभनानी जीवतराम राजानी एवं बलराम वरयानी द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतिया दी। महिला मंडल की सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा में डांडिया नृत्य किया । महिला मंडल की कार्यकर्ता हेमा जसोतानी एवं दीप्ति लालवानी ने मंच संचालन किया। हास्य एवं मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम का सभी ने आनंद प्राप्त किया। महेश चांदवानी ने बताया संपूर्ण कार्यक्रम सिंधी भाषा में आयोजित किया गया। सिंधी भजन आंधीय में जोत जगायण वारा सिंधी पेसो लधो पट्ट तां, सिंधी अभाणी बोली मिठडी अभाणी बोली÷ द्वारा देर रात तक मंत्रमुग्ध किया। सिंधी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मंगूमल टेकवानी ने अपने परिवार में वार्ता के लिए सिंधी भाषा को प्रयोग में लेने के लिए कहा। कार्यक्रम का समापन झूलेलाल कीर्तन मंडली द्वारा सभी के सुखों की कामना करते हुए प्रार्थना गीत के साथ किया गया।

सिंधी नवयुवक मंडल द्वारा आयोजन से जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं का ध्यान रखा। इस अवसर पर सिंधी समाज सेवा समिति समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य व महिला मंडल की कोमल लालवानी, कीर्ति जयसिंघानी, जया गुरबाणी तुलसी नारवानी, दया पंजवानी, कशिश लालवानी, हेमा प्रथवानी मौजूद थी।

# भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न, सतीश कुमार जोशी होंगे स्थानीय संघ के सचिव

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन पेंच ग्राउंड स्थित स्काउट गाइड सभागार में संपन्न हुआ। चार घंटे से लंबे चले अधिवेशन सत्र में भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के वर्ष पर्यन्त हुए आयोजनों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। अधिवेशन में जिला कार्यकारिणी प्रधान एस एल नागोरी, उप प्रधान के सी वर्मा, रेखा शर्मा, सीता सेनानी, स्थानीय संघ प्रधान चतुर्भुज महावर, उप प्रधान राजकुमार दाधीच, सुमित्रा ओझा, पवित्रा शर्मा, किरण शर्मा, जिला मुख्य आयुक्त एवं सीडीईओ डॉ महावीर कुमार शर्मा, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश गोस्वामी, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं सीबीईओ डॉ युवराज सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष त्रिभुवन गौतम, लीडर ट्रेनर देवी सिंह सेनानी, स्थानीय संघ सचिव सतीश जोशी, पूर्व प्राचार्य रोवर लीडर डॉ एनके जैतवाल, सीओ स्काउट सुरेंद्र कुमार मेहरड़ा, सीओ गाइड मधु कुमारी आदि मंचासीन रहे। स्काउट पदाधिकारियो एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पूर्व सीडीईओ सतीश कुमार जोशी को स्थानीय संघ के गरिमामय सचिव का नवदायित्व प्रदान किया, तालियों की गड़गड़ाहट और स्काउट परम्परा से करतल के साथ उनका अभिनंदन किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ महावीर कुमार शर्मा ने स्थानीय संघ बूंदी के सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए अपने स्काउटिंग अनुभव साझा किए। जिला प्रधान डॉ एस एल नागोरी ने सेवा के उद्देश्यों को समझाते हुए समाज को बदलने की दिशा में स्काउटिंग के योगदान से परिचित करवाया, जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश गोस्वामी ने वर्तमान समय में छात्रों को समुचित दिशा में मार्गदर्शन व अनुशासन प्रदान करने में स्काउटिंग के योगदान की सराहना की। उप प्रधान राजकुमार दाधीच ने स्काउटिंग में हाइक और खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने की बात कहीं। जिला उप प्रधान के सी वर्मा द्वारा संगठन को हर संभव सहायता के लिए आश्वासित किया। वहीं महिला उपप्रधान ने समाज में फैल रही वैचारिक द्वेषता से बचने के लिए स्काउट गाइड के लिए नैतिकता युक्त प्रशिक्षण को प्रभावी बताया।ट्रेनिंग काउंसलर जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आगंतुक अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर स्काउट प्रार्थना दया कर दान भक्ति से वार्षिक अधिवेशन की शुरुआत हुई ।संयुक्त सचिव उम्मे हबीबा ने वार्षिक प्रतिवेदन एवं कोषाध्यक्ष बुद्धि प्रकाश पुंडीर ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

### इनका किया अभिनंदन

स्काउटिंग संगठन में सराहनीय सेवाओं के योगदान हेतु पूर्व जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार व्यास, जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश गोस्वामी, पूर्व ट्रेनिंग काउंसलर ज्वाला प्रसाद गौतम, रुक्मिणी देवी, आजीवन सदस्य दिनेश विजयवर्गीय, रामदत्त जोशी, पूर्व स्थानीय संघ सचिव देवी सिंह सैनानी, नवनियुक्त सचिव सतीश कुमार जोशी, धन्नालाल त्रिपाठी को स्कॉर्फ पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय संघ द्वारा त्रिचि तमिलनाडु में आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी में स्थानीय संघ का प्रतिनिधित्वकर्ता ग्रुप राउमावि देलुन्दा संस्था प्रधान एवं ट्रेनिंग काउंसलर राजेंद्र प्रसाद सरोया, राउमावि खटकड़ से जितेन्द्र शर्मा को सम्मानित किया गया। गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय कथा शिविर में प्रतिनिधित्व करने पर राउमावि भैरुपुरा एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खटकड़ का पुरस्कार सुरेश कुमार द्वारा प्राप्त किया गया।

# शाहाबाद जंगल बचाओ आंदोलन अब एक व्यक्ति की लड़ाई नहीं बल्कि समूची जनता की आवाज बन गया है -नरपत लाल शर्मा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां ।** शाहाबाद जंगल बचाओ आंदोलन केवल एक व्यक्ति का आंदोलन नहीं है,यह पूरी जनता जनार्दन द्वारा उठाई गई आवाज है, जिसे किसी भी तरह से नहीं दबाया जा सकता।÷ ये विचार रिटायर्ड पुलिस उप अधीक्षक और गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष नटवर लाल शर्मा ने राजस्थान गौड ब्राह्मण महासभा और अखिल हाड़ौती आदिगौड ब्राह्मण महासमिति बारां द्वारा आयोजित ÷, होली मिलन समारोह÷ के दौरान पर्यावरण संरक्षण में जुटे सदस्यों को समर्थन देते हुए व्यक्त किए। शाहबाद घाटी संरक्षण संघर्ष समिति बारां के सदस्यों द्वारा आंदोलन के लिए मांगे गए समर्थन की सहमति प्रदान करते हुए गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रांतीय सचिव रामस्वरूप जोशी ने कहा कि ÷ केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा ग्रीनको एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को पावर प्लांट लगाने हेतु लाखों पेड़ों को काटने का कोई अधिकार नहीं है।यह पेड़ शाहबाद समेत पूरे राजस्थान की प्राकृतिक विरासत है जिसके नष्ट होने से चार तरह के नुकसानों से देश वासियों को जूझना पड़ेगा। पेड़ों की कटाई से पहले दोनों ही सरकारों को बार बार सोचना पड़ेगा। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि आंदोलनकारियों को पूरे राजस्थान की महासभा इकाइयों से समर्थन मिलेगा और आवश्यक हुआ तो महासमिति और महासभा के सभी सदस्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से शाहबाद कूच कर करेंगे। गौड ब्राह्मण महासभा जयपुर के बारां जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक निधि वराह नगरी बारां अध्याय की शुरुआत से शुरू इस आंदोलन को पूरे राजस्थान प्रांत की ओर से समर्थन है ।इन जंगलों को बचाने के लिए यदि चिपको आंदोलन जैसी स्थिति आई तो महासभा के सदस्य पीछे नहीं हटेंगे।

# भारतीय खाद्य निगम केन्द्र सीतापुरा में गेहूं खरीद कार्य का हुआ शुभारंभ



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बून्दी।** भारतीय खाद्य निगम केन्द्र सीतापुरा में शुक्रवार को गेहूं खरीद कार्य का शुभारंभ हुआ। भारतीय खाद्य निगम के कार्यकारी निदेशक आशुतोष जोशी, मण्डल प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम मण्डल कार्यालय कोटा प्रणय मुदगिल, सहायक महाप्रबंधक (गु.नि.) मण्डल कार्यालय कोटा, नोडल अधिकारी प्रबंधक (आगार) बी.एस. सोलंकी ने बरूंधन गांव के किसान प्रभुलाल गुर्जर के गेहूं की तुलाई करवाकर खरीद केन्द्र का शुभारंभ किया।

सीतापुरा केन्द्र के किस्म निरीक्षक ने बताया कि खरीद केन्द्र पर 2425 रूपए एमएसपी एवं 150 रुपए बोनस के साथ कुल 2575 रू प्रति क्विंटल का भुगतान किसान के जन आधार से लिंक बैंक खाते में 48 घंटों के भीतर किया जा रहा है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा गुणवत्ता मापदंडों में शिथिलता प्रदान की गई है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान

## शिक्षा मंत्री के पैतृक गांव में बनेगा 6 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक विद्यालय भवन

**बारां।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। इसी कड़ी में बारां जिले के अटरू क्षेत्र के चरड़ाना गांव में 6 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक विद्यालय भवन का शिलान्यास किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी और अरड़ाना गांव की 105 वर्षीय महिला भूली बाई ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की नींव रखी। प्रभारी मंत्री ने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कार्यो की सराहना की। प्रभारी मंत्री श्री देवासी ने कहा कि चरड़ाना में बनने वाले इस आधुनिक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तायुक्त शिक्षा का लाभ मिलेगा। जहां 18 स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब और खेल मैदान जैसी सुविधाएं छात्रों को मिलेंगी। वहीं भतीजे के स्वर्गवास के शोक के चलते शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कार्यक्रम में आम व्यक्ति की तरह हिस्सा लिया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के पैतृक गांव चरड़ाना में मुंबई की निजी संस्था द्वारा 6 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक विद्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्कूल मैदान में समारोह का आयोजन हुआ, जहां मंत्री ओटाराम देवासी, विधायक कंवरलाल मीणा, विधायक राधेश्याम बैरवा, माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक आशीष मोदी सहित जयपुर टोंक के जिला प्रमुख बतौर अतिथि मौजूद रहे। इस समारोह में सैकड़ो की संख्या में आसपास के गांव के ग्रामीण और स्कूली बच्चे भी मौजूद रहे।

# युवा एवं रोजगार उत्सवः मुख्यमंत्री करेंगे संवाद, जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**बारां।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा 29 मार्च को मुख्यमंत्री रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा वर्चुअल माध्यम से संवाद कर संबोधित करेंगे करेंगे। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद बारां के प्रथम तल हॉल में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। समारोह में जिले के लाभार्थी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री शर्मा जिले के लाभार्थियों से भी वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे और संबोधित करेंगे।

# नगर निकायों के वार्डों के गठन एवं सीमांकन के प्रारूप पर आमजन से आपत्तियां आमंत्रित

**बारां।** स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर बारां जिले की सभी नगरपालिकाओं के वार्डों की संख्या निर्धारित कर दी गई है। इस संबंध में विभाग के निर्देशानुसार नगर निकायों के वार्डों के गठन एवं सीमांकन के प्रारूप प्रस्ताव तैयार कर 27 मार्च को आमजन की जानकारी हेतु प्रकाशित कर दिए गए हैं। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि नगर परिषद बारां, नगर पालिका अंता, छबड़ा, मांगरोल, अटरू एवं सीसवाली के वार्डों के गठन एवं सीमांकन के प्रारूप पर आमजन से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक नागरिक 17 अप्रैल 2025 तक अपनी आपत्तियां अथवा सुझाव आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला कलेक्टर कार्यालय (निर्वाचन) या संबंधित उपखंड अधिकारी कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्तावित वार्ड सीमांकन प्रारूप का अवलोकन जिला निर्वाचन कार्यालय (कमरा नं. 17), संबंधित उपखंड अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय बारां एवं संबंधित नगर पालिका कार्यालयों में किया जा सकता है।

## जिले में विकास एवं सुशासन उत्सव का भव्य आयोजन

# बहुमुखी विकास के कार्य कर सुशासन की संकल्पना हो रही साकार- जवाहर सिंह बेढ़म

### प्रभारी मंत्री आतिथ्य में जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव संपन्न

### युवा एवं रोजगार उत्सव का होगा आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को विकास एवं सुशासन उत्सव का जिला स्तरीय आयोजन किया गया। नगर परिषद के टाउनहॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग जवाहर सिंह बेढ़म ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में भीलवाड़ा के चित्रकूट धाम स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया।



» धौलपुर..उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित प्रभारी मंत्री बेढ़म, जिला कलक्टर बीटी, विधायक जसवंत सिंह गुर्जर एवं भाजपा नेता डॉ. शिवचरण सिंह कुशवाह, नीरजा अशोक शर्मा व अन्य

जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार बहुमुखी विकास के कार्य करते हुए सुशासन की संकल्पना को साकार कर रही है। स्वयं सहायता समूह से लेकर औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने तक हर मोर्चे पर प्रभावी ढंग से कार्य किये जा रहे हैं एवं जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। सरकार ने ईआरसीपी को मूर्त रूप दिए जाने की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है, इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान की भूमि तर होगी, किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि इस बार यह संयोग है कि राजस्थान दिवस की तिथि और नव वर्ष संवत्सर एक साथ आया है।इसी दिन एकीकृत राजस्थान का गठन हुआ था। इसी उपलक्ष्य में अलग-अलग दिन आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं की क्रियान्विति के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में सभी अपने-अपने क्षेत्र में प्रयास करें और राजस्थान को आगे बढ़ाए, राजस्थान विकसित बनेगा तो निश्चित रूप से भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने सभी अतिथियों एवं आमजन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, भाजपा नेता जगमोहन बघेल, शिवचरण कुशवाह, नीरजा शर्मा, धीर सिंह जादौन सहित अन्य उपस्थित रहे।

राजस्थान दिवस समारोह की श्रृंखला में जिला स्तरीय युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन शनिवार को दोपहर 12 बजे से नगर परिषद टाउनहॉल में किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत कई योजनाओं का हुआ शुभारंभ

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 10,000 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। साथ ही राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना, सभी जिलों की पंच गौरव पुस्तिका, ई-उपचार एप का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकायों के सशक्तिकरण, हरित अरावली विकास परियोजना, फायर एनओसी प्रक्रिया के सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी गठन, तथा राशन दुकानों में अन्नपूर्णा भंडार संबंधी दिशा-निर्देश भी जारी किए।

# राजस्थान दिवस: कर्तव्यनिष्ठा और विकास की शपथ के साथ संकल्पबद्ध हुआ प्रशासन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक उत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान सभी प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान करने और राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, स्वच्छता, हरित विकास और आत्मनिर्भरता के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों को यह प्रेरणा दी कि वे शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और जनहित के कार्यों में पूर्ण निष्ठा से योगदान दें।



» बाड़ी - पत्तल दोना फैक्ट्री में आग लगने के बाद सब कुछ खाक

इसी क्रम में जिले के अन्य सरकारी विभागों एवं कार्यालयों में भी यह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। विभिन्न कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए यह शपथ ली। राजस्थान दिवस उत्सव के तहत इस प्रकार के कार्यक्रम राज्य के गौरवशाली इतिहास और उज्ज्वल भविष्य को समर्पित होते हैं, जहां प्रशासनिक तंत्र और आमजन के बीच समन्वय स्थापित कर समावेशी विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोषालय से संबंधित पेंशनरों की सभी समस्याओं का शीघ्र होगा निस्तारण - बैंसला

### पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को परशुराम सेवा सदन मचकुंड रोड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर ने की मुख्य अतिथि जिला कोषाधिकारी सतीश बैंसला रहे। डोरी लाल प्रदेश उपाध्यक्ष, सी.पी. शर्मा पूर्व जेलर, एस.एस खंगारोत, अमर सिंह, गोविंद शर्मा, गोपाल सिंह , रामेश्वर दयाल शर्मा, श्याम सुंदर कटरा, सहायक कोषाधिकारी राकेश गर्ग, पूरनचंद बोहरा आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अतिथियों का पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष विशंभर दयाल शर्मा, संयोजक दयाकांत सक्सेना, अनवार अहमद, सुरेश गोस्वामी, गोविंद सक्सेना, प्रभाकर दीक्षित आदि सदस्यों ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में 135 पेंशनर जिन्होंने 80 वर्ष पूर्ण कर ली उनकों सम्मानित किया गया। पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर ने कहा कि पेंशन लोगों की समस्याओं को पहली बार प्रदेश सरकार ने गंभीरता से दिया है। पेंशनर समाज के हित में मुख्यमंत्री ने 10 महत्वपूर्ण घोषणा की है पूरे राजस्थान के पेंशनरों की समस्याओं के लिए प्रदेश संगठन हमेशा तत्पर रहता है। मीडिया प्रभारी सुरेश गोस्वामी ने बताया कि धौलपुर जिले में पेंशनर समाज का यह पहला अधिवेशन है जिसमें बड़ी तादाद में पेंशनरों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि मंचासीन भामाशाह सीपी शर्मा द्वारा पेंशनर भवन बनाने के लिए 5 लाख रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। मुख्य अतिथि के रूप में कोषाधिकारी सतीश बैसला ने धौलपुर कोषालय से संबंधित पेंशनरों की सभी समस्याओं को शीघ्र हल करने की बात कही उन्होंने पेंशनरों से सीधे मिलकर अपनी समस्या बताने की बात कही। जिला मंत्री अनवार अहमद ने अधिवेशन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम के संयोजक दयाकांत सक्सेना ने उपस्थित सभी पेंशनरों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में परषोत्तम दास अग्रवाल, रामनारायण बंसल, मुकेश गर्ग, मुकेश शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, गोपाल सिंह बघेल, गोविंद शर्मा, ताराचंद बघेल, यज्ञपती शर्मा, रमेश चंद्र माहौर, गोपाल सिंह बघेल, रामसेवक गौड़, शहजाद खान सहित सैकड़ों की तादाद में पेंशनर समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि गोविंद शर्मा ने किया।



धौलपुर...समारोह में मंचासीन अतिथिगण।



# भारत विकास परिषद ने जिला चिकित्सालय को चार बैंच की भेंट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला चिकित्सालय में भारत विकास परिषद शाखा द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने के लिए चार बेंचों को पीएमओ डॉ. विजय सिंह एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद् शाखा सामाजिक सरोकारों में हमेशा अग्रणी रहता है। आशा करते हैं कि परिषद के द्वारा किए जा रहे सामाजिक भलाई के कार्य अनवरत जारी रहेंगे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा अध्यक्ष प्रणव मुखर्जी, उपाध्यक्ष विजय राना, प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी जयंत मोदी एवं राजीव झा, अमित तिवारी सहित हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद था।

# रमजान माह में 26वें रोजे के समापन पर मनाया शब-ए-कद्र, मस्जिदों में हुए धार्मिक आयोजन

### खुदा की इबादत के बाद तबर्रुफ में बांटी जलेबी और मिठाइयां धर्म गुरुओं का सम्मान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** इन दिनों मुस्लिम समाज का पवित्र रमजान माह चल रहा है जिसमे गुरुवार को 26 में रोजे के समापन पर ईशा की नमाज के बाद फजर की नमाज तक पूरी रात शहर की विभिन्न मस्जिद और ईदगाहो में धार्मिक आयोजन किए गए और शब-ए-कद्र की रात मनाई गई। इस दौरान खुदा की इबादत के बाद तबर्रुफ़ में जलेबी और अन्य मिठाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न मस्जिदों में विशेष सजावट की गई और अल्लाह-ताला से देश में अमन चैन की दुआ भी मांगी गई। इस दौरान विभिन्न मस्जिदों के मौलाना,हाफिज एवं इमामो का इस्तकबाल भी किया गया।

शहर के घंटाघर स्थित शाही जामा मस्जिद में इस दौरान विशेष आयोजन देखने को मिला। जिसमें मस्जिद के मौलाना अनवारुल हक के साथ बिहार से आये हाफिजे कुरान ने विभिन्न आयतें पढ़ी और खुदा की इबादत कैसे की जाए,दुआएं कैसे कबूल हो। इसको लेकर उपस्थित मुस्लिम भाइयों को जानकारी दी। इस दौरान सभी मुस्लिम भाइयों द्वारा खुदा की इबादत में पूरी रात धार्मिक कार्यक्रम किये गए और खुदा से अपने पापों की क्षमा मांगने के साथ दुआएं कबूल करने की भी गुहार लगाई।



» बाड़ी. मस्जिद के कार्यक्रम में मौजूद मौलाना और समाज के लोग।

### शब-ए-कद्र की रात फरिश्ते उतरते हैं धरती पर

साई जामा मस्जिद के सचिव इसरार खान टेलर ने बताया कि रमजान माह में शबे कद्र की रात विशेष महत्व वाली है। इस रात खुदा के भेजे फरिश्ते धरती पर उतरते हैं। वह बन्दों की सुनवाई करते हैं और दुआएं कबूल की जाती हैं। ऐसे में पूरी रात इबादत होती है और तबर्रुक में मिठाइयां खासकर जलेबी बांटी जाती है।

### ईशा की नमाज से फजर की नमाज तक आयोजन

शबे कद्र की रात को ईशा की नमाज रात 10 बजे से दूसरे दिन सुबह फजर की नमाज तक विभिन्न मस्जिदों में धार्मिक आयोजन किये गए। हर मस्जिद और ईदगाह में इबादत हुई। जिसके लिए विशेष सजावट की गई और पूरी रात कुरान की विभिन्न आयते सुनाई और पढ़ी गई।

### सदर बाजार मस्जिद में भी विशेष आयोजन

शबे कद्र की रात को शहर की सदर बाजार मस्जिद में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें मस्जिद के सदर हमीद खान के साथ तमाम लोगो ने शिरकत की।

# उपभोक्ताओं की पहली किशत जमा होते ही विद्युत सप्लाई सुचारू करें - प्रभारी मंत्री

### विद्युत अधिकारियों की प्रभारी मंत्री ने ली बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** विद्युत बिलों की उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि जमा नहीं कराने की वजह से कई गांवों की विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। इस संदर्भ में शुक्रवार को विद्युत विभाग अधीक्षण अभियंता कार्यालय मचकुण्ड रोड पर ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई। जिसमें प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, सैंपऊ प्रधान दुष्यंत सिंह बघेल एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी व विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश वर्मा, बाड़ी अधीक्षण अभियंता रामदास मीणा, सुरेश कुमार मीणा सहायक राजस्व अधिकारी, तपेश कुमार सहायक लेखा अधिकारी की मौजूदगी में प्रभारी मंत्री ने विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत बिलों को दुरुस्त कर तीन किश्तों में राशि जमा कराई जाए। उन्होंने जिला कलक्टर को निर्देश देते हुए कहा कि एक प्रशासनिक स्तर का अधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की टीम गठित कर जो विद्युत बिल गलत जारी हुए है उनकी जांच कर एक रिपोर्ट तैयार करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पहली किशत जमा होते ही बंद पड़ विद्युत सप्लाई को पुनः चालू किया जाए। बैठक में बाड़ी से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



धौलपुर...बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते प्रभारी मंत्री बेढ़म

# नाला अवरुद्ध होने से गंदा पानी सड़क पर, लोगो में आक्रोश



» बाड़ी. विरोध प्रदर्शन करते मोहल्ले के नागरिक।

### ठाकुर पाड़ा में मुख्य सड़क मार्ग की बदहाल स्थिति, बरसों से दयनीय हालात

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर के ठाकुरपाड़ा मोहल्ले में मुख्य सड़क के साइड में बरसों से नाला अवरुद्ध पड़ा हुआ है। इस अविरुद्ध नाले से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है और कीचड़ एवं गंदगी के हालातो में लोगों का रास्ता निकालना तक मुश्किल है। उक्त मामले को लेकर कई बार नगर पालिका में शिकायत की गई है लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा। ऐसे में शुक्रवार को मोहल्ले के दर्जनों नागरिकों ने नगर पालिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है।

ठाकुरपाड़ा निवासी शैलेंद्र सिंह परमार अनीश खान,आसिफ खान एवं अन्य ने बताया कि नाला अवरुद्ध होने से गंदा पानी सड़क पर बहता हैं । ऐसे में बड़े बुजुर्गो का और छोटे बच्चों का रास्ता निकालना मुश्किल है। कई बार नगर पालिका में शिकायत की है लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा शिकायत का कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा। केवल एक सफाई कर्मचारी को भेज कर नाले को साफ करते हैं। एक घंटे बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। यह स्थान शहर के मुख्य पेट्रोल पंप के पास स्थित चौराहा है। जिसके यह हालात कई वर्षो से बने हुए हैं। ऐसे में नागरिकों द्वारा नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया है और उपखंड प्रशासन से मामले में स्थाई समाधान की मांग की है।

# राजकीय महाविद्यालय में जॉब फेयर का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजकीय महाविद्यालय में एनआईआईटी व एक्सिस बैंक के सहयोग से शुक्रवार को एक जॉब फेयर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गिर्राज सिंह मीना ने बताया कि इस प्रकार के जॉब फेयर का आयोजन समय-समय पर महाविद्यालय में होता आया है। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र 2023-24 में एनआईआईटी द्वारा आईसीआईसीआई बैंक के लिये महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों का आकर्षक पैकेज पर चयन किया गया था। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार के जॉब फेयर जो कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित कराये जाते हैं जिनमें किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लगता है और इसमें सभी प्रकार के रोजगारोन्मुखी आशार्थी भाग लेते आये हैं।



» धौलपुर कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते अतिथि।

महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. सोहराब शर्मा ने बताया कि उक्त जॉब फेयर में स्नातक उत्तीर्ण लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 14 विद्यार्थियों का चयन अगले राउण्ड के लिये किया गया। महाविद्यालय में जॉब फेयर का समन्वय कर रहे सहायक आचार्य डॉ. मनु नायर ने बताया कि चयन किये गये 14 विद्यार्थियों का एल-1, एल-2 राउण्ड एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार (ऑनलाईन) माध्यम के द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात् सफल होने वाले विद्यार्थियों का चयन सहायक मैनेजर के रूप में 4.4 लाख के आकर्षक पैकेज के रूप में किया जायेगा।

# विद्युत तारों की चिंगारी से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** मनियां तहसील के ग्राम इंछापुरा में दोपहर को विद्युत तारों की चिंगारी से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। लेकिन समय रहते ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। इस समय फसलों की कटाई चल रही है। कटाई से पूर्व दिन में तेज हवाओं के कारण स्पार्किंग से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख होने से किसानों के अरमान पानी फिर रहा है जिससे काफी नुकसान हो रहा है। कालीचरण ठाकुर के खेत पर पाकी हुई गेहूं की फसल नष्ट हो गई है। पटवारी को बुलाकर मौका मुआवना कराया गया। प्रार्थी द्वारा पुलिस थाने में सूचना कर दी गई है। जगमोहन पुत्र कालीचरण ने बताया कि अब उनके घर गेहूं की फसल नष्ट होने से बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न होगी।



राजाखेड़ा. खेत में जली पड़ी फसल।

# अवैध जल संबंधों के खिलाफ होगी कानूनी कार्यवाही

**धौलपुर।** जिले में अवैध जल संबंधों को हटाये जाने के लिये जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 22 मार्च से 27 मार्च तक कुल 156 जल संबंधों का चिन्हीकरण किया जाकर 94 जल संबंधों को काटा गया तथा 62 जल संबंधों को नियमित किया गया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार ऐसे पेयजल उपभोक्ता के द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाई गई है। तथा अवैध जल संबंध को व्यक्ति द्वारा नियमित नहीं कराया गया है तो ऐसे उपभोक्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अवैध जल संबंध के अभियान के तहत कार्यरत कार्मिकों को कार्य करने से रोकने एवं क्षति पहुंचाने पर राज्य कार्य में बाधा पहुंचाने के लिये भी ऐसे उपभोक्ताओं के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करायी जायेगी।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा संस्थानों को किया सम्मानित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत वर्षभर में दी गई स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा संस्थानों का जिला स्तरीय सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने कहा कि चिकित्सा योजनाओं के क्रियान्वयन में हमारा जिला अन्य जिलों की तुलना में बेहतर कार्य कर रहा है। हमारा प्रयास रहना चाहिए कि हम अपने कार्यस्थल पर अपना सौ प्रतिशत दें। अपने आसपास कार्य कर रहे चिकित्सकीय स्टॉफ को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वह लोग भी मन लगाकर कार्य करें। बेहतर कार्य करेंगे, तो हमें बेहतर परिणाम मिलेंगे। चिकित्सा संस्थानों पर इलाज के लिए आने वाले मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सेवाएं एवं साफ-सफाई मिले। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की जानकारी देते हुए जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए इससे बेहतर कार्यक्रम नहीं हो सकता है। हमें चिकित्सा संस्थानों पर आने वाली गर्भवती महिलाओं को समस्त एएनसी सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सही समय पर जांच एवं टीकाकरण से ही गर्भवती महिला का स्वास्थ्य एवं बच्चे का विकास सही प्रकार से हो सकता है। उन्होंने समस्त उपस्थिति को प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य विभागों के साथ सामंजस्य बिठाकर कार्य करने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत नए जुड़े प्रावधानों से सभी को रूबरू करवाया। इसके उपरांत पीएमएसएमए में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 चिकित्सा संस्थानों के मेडिकल ऑफिसर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने हीट वेव और मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा चिकित्सा संस्थाओं पर व्यापक प्रबंध रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान एसीएमएचओ डॉ. गौरव मीणा, डीपीओ शशांक वशिष्ठ ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान डीपीओ शहरी प्रियंका त्रिपाठी, डीएनओ बसंत गोयल, डीपीसी प्रवीण अवस्थी, पंकज शुक्ला सहित समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मौजूद रहे।



» धौलपुर...उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते चिकित्साधिकारी।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं साई स्मार्ट सिटी,नगर परिषद ऑफिस के निकट,मचकुण्ड रोड,धौलपुर(राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/27740 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, प्रबंध संपादक जितेन्द्र सिंह रजौरिया।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र धौलपुर न्यायालय होगा। फोन: 05642-224444, 224666, 224777 फैक्स: 223324 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेवार